मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 9 नवंबर 2025
संवत 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष 4 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-9, अंक 60 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ औषधीय गुणों से भरा है आंवला
ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए मैं बहुत उत्साहित था ◀◀ 6


# मतवे में बंगाली डॉक्टर की गला रेतकर हत्या, एक गिरफ्तार, गांव में फैली सनसनी



मेट्रो रेज

**रांचीः** रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में शनिवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां बंगाली डॉक्टर सपुन दास की गला रेतकर हत्या कर दी गई। डॉक्टर सपुन दास लंबे समय से मतवे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे थे। स्थानीय लोग उन्हें एक मिलनसार और सेवा-भाव से जुड़े व्यक्ति के रूप में जानते थे।

हत्या के मुख्य आरोपी की पहचान मतवे (रोल कारजटोली) गांव निवासी वारिस अंसारी (उम्र लगभग 20 वर्ष, पिता इम्तियाज अंसारी) के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारिस अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, उसका सहयोगी रातू थाना क्षेत्र के हूरहूरी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है, जो फिलहाल हत्या के बाद से फरार है।

पुलिस का कहना है कि इस हत्या के पीछे की साजिश में और कितने लोग शामिल हैं तथा डॉक्टर की हत्या का असली कारण क्या था, इसकी जांच गहनता से की जा रही है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

इस घटना से मतवे गांव और आसपास के क्षेत्रों में सनसनी फैल गई है। स्थानीय ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों ने डॉक्टर सपुन दास की हत्या की कड़ी निंदा की है और पुलिस प्रशासन से इस कांड में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है।

## रांची में स्कूटी सवार लड़की को मारी गोली, गंभीर



**रांची :** राजधानी के नगड़ी इलाके में बीती देर रात अपराधियों ने एक युवती को गोली मार दी। गोली लगने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवती की पहचान मनीषा तिर्की के रूप में हुई है, जो कटहल मोड़ स्थित एक दवा दुकान में काम करती है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की रात ड्यूटी खत्म कर मनीषा अपनी सहेली के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। घर से कुछ दूरी पर स्कूटी से उतरते ही पीछे से आए बाइक सवार युवक ने उस पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। गोली मनीषा की पीठ में लगी है।

**पुलिस की जांच जारीः** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। रांची ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि अपराधी की पहचान के लिए टीम गठित की गई है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

परिवार में मचा कोहरामः मनीषा के भाई बबलू तिर्की ने बताया कि हाल ही में उसकी शादी तय हुई थी और परिवार तैयारी में लगा था। लेकिन इसी बीच यह दर्दनाक वारदात हो गई। मनीषा की हालत नाजुक है और उसे अभी तक होश नहीं आया है, जिससे पुलिस उसका बयान दर्ज नहीं कर सकी है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच प्रेम प्रसंग के एंगल से भी कर रही है।

### घाटशिला उपचुनाव में साख की जंग

## झामुमो और भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत, आज थमेगा प्रचार

### 14 को होगा 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

संवाददाता

**रांची :** बहुचर्चित घाटशिला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए चुनावी प्रचार आज यानी रविवार शाम पांच बजे थम जाएगा। इस सीट पर कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं, लेकिन मुकाबला मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच माना जा रहा है। बीजेपी की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन चुनाव मैदान में हैं, जबकि झामुमो ने दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र



सोरेन पर भरोसा जताया है। इसके अलावा जेएलकेएम के उम्मीदवार रामदास मुर्मू भी चुनावी मैदान में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं।

पिछले कई दिनों से घाटशिला में दोनों दलों के बीच तेज प्रचार अभियान देखने को मिला। झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन रविवार को रोड शो करेंगे और जनता से झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगे। झामुमो अपने दिवंगत नेता रामदास सोरेन की लोकप्रियता और सहानुभूति लहर पर भरोसा कर रही है।

वहीं दूसरी ओर, भाजपा ने इस सीट को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। पार्टी के बड़े नेता घाटशिला में लगातार डेरा डाले हुए हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू, बंगाल के नेता शुभेंदु अधिकारी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई दिग्गज शामिल हैं। यहां तक कि उड़ीसा के मुख्यमंत्री ने भी प्रचार अभियान में भाग लिया। खुद चंपई सोरेन भी गांव-गांव जाकर अपने पुत्र के लिए समर्थन मांग रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह उपचुनाव सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। घाटशिला सीट पर मुकाबला बेहद रोमांचक और कांटेदार है। जनता किसे चुनेगी, इसका फैसला 11 नवंबर को मतदान के बाद ही होगा। फिलहाल, दोनों दलों ने जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

### देश में टला आतंकी हमला

## गुजरात एटीएस ने आईएसआईएस से जुड़े तीन आतंकी किए गिरफ्तार

**गांधीनगर :** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने देश में आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। एटीएस ने गांधीनगर के अडालज इलाके से तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जिनका संबंध आतंकी संगठन क्रक्र से बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ये आरोपी देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की तैयारी में थे। एटीएस को कुछ दिनों पहले खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला था कि कुछ लोग गुजरात में आतंक फैलाने की साजिश रच रहे हैं। जानकारी के आधार पर, एटीएस ने एक विशेष





अभियान चलाया और संदिग्धों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया के जरिए विदेशी हैंडलर्स से संपर्क में थे और युवाओं को कट्टरपंथ की ओर प्रेरित करने की कोशिश कर रहे थे। गुजरात एटीएस अब इनसे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनके नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं और देश में उनके निशाने पर कौन-कौन से इलाके थे। एटीएस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आतंकियों के खिलाफ यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़

## सूरत के युवक ने पाक भेजे 10 करोड़, पुलिस ने किया 200 करोड़ के साइबर फ्रॉड का पदार्फाश



**साइबर सेल ने यह भी बताया कि यह नेटवर्क भारत के अलग-अलग राज्यों में फैला हुआ है और दुबई तथा पाकिस्तान से रिमोट तरीके से ऑपरेट होता था। पुलिस अब इस मामले में फेमा और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत भी जांच करेगी।**

**गुजरातः** गुजरात पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने पाकिस्तान और दुबई के नेटवर्क के जरिए करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। सूरत के रहने वाले चेतन गंगाणी को गिरफ्तार किया गया है, जिस पर पाकिस्तान-आधारित क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में 10 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, चेतन गंगाणी ने दुबई में बैठे साइबर अपराधियों के साथ मिलकर 100 से अधिक फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल किया। इस नेटवर्क के जरिए भारत में ठगे गए पैसों को पहले अलग-अलग खातों में डाला जाता था, फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से पाकिस्तान भेजा जाता था। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह अब तक करीब 200 करोड़ रुपये की हेराफेरी कर चुका है।

गुजरात साइबर क्राइम सेल ने बताया कि आरोपी तकनीकी रूप से काफी सक्षम था और उसने अपने सभी लेनदेन को छिपाने के लिए वीपीएन, फर्जी मोबाइल सिम और ईमेल आईडी का इस्तेमाल किया। पुलिस ने चेतन के बैंक खातों, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।

साइबर सेल ने यह भी बताया कि यह नेटवर्क भारत के अलग-अलग राज्यों में फैला हुआ है और दुबई तथा पाकिस्तान से रिमोट तरीके से ऑपरेट होता था। पुलिस अब इस मामले में फेमा और मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत भी जांच करेगी।

गुजरात पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि, यह सिर्फ एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय साइबर नेटवर्क का हिस्सा है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होंगी।



## ट्रंप के एक फैसले से 4.2 करोड़ अमेरिकियों को खाने के लाले, अब कोर्ट ने भी कर दिया अप्रूव

**एजेंसी/वाशिंगटनः** अमेरिका में करोड़ों गरीब परिवारों के लिए बुरी खबर है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने नवंबर महीने के लिए मिलने वाली फूड सहायता की आधी राशि रोक दी है और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को अस्थायी मंजूरी दे दी है। यह राहत सप्लिमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम के तहत दी जाती है, जिससे करीब 4.2 करोड़ अमेरिकियों को हर महीने खाने का सामान मिलता है। असल, सरकार में चल रहे शटडाउन (सरकारी कामकाज बंद होने) की वजह से फंड्स की कमी बताई जा रही है। प्रशासन ने कहा कि फिलहाल सिर्फ 4.65 अरब डॉलर की आंशिक फंडिंग ही संभव है, जबकि प्रोग्राम की पूरी फंडिंग के लिए करीब नौ अरब डॉलर की जरूरत होती है। सुप्रीम कोर्ट की जज केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह आदेश सिर्फ तब तक लागू रहेगा, जब तक निचली अदालत इस मामले पर फैसला नहीं दे देती।

कोर्ट ने कहा कि प्रशासन को कुछ समय दिया जा रहा है, ताकि वह स्थिति संभाल सके। इससे पहले रोड आइलैंड के एक जज जॉन मैककोनेल ने सरकार को आदेश दिया था कि वह तुरंत पूरी राशि जारी करे। उन्होंने कहा था कि सरकार गरीबों की मदद रोककर राजनीतिक खेल खेल रही है, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए कहा कि निचली अदालत का आदेश की अराजकता को और बढ़ा देगा। सरकार के इस रुख की आलोचना भी हो रही है।

## पवन खेड़ा का दावाः पटना में अमित शाह की गुप्त मीटिंग, सीसीटीवी कैमरे ढके गए

4

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। खेड़ा ने दावा किया कि अमित शाह अपने पटना दौरे के दौरान अधिकारियों से गुप्त बैठकें करते हैं और होटल के लिफ्टों में लगे सीसीटीवी कैमरों को कागज से ढक दिया जाता है, ताकि उन बैठकों की जानकारी बाहर न आ सके।

खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल उठाया कि अगर बैठकें सामान्य हैं तो उन्हें गुप्त रखने की जरूरत क्यों पड़ती है? उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता दोनों पर सवाल खड़ा करती हैं।

बिहार चुनाव को लेकर खेड़ा का दावाः आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन पहले चरण में 121 में से 72 सीटें जीतने की स्थिति में है और इस बार उनका स्ट्राइक रेट पहले से कहीं बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और बीजेपी के झूठे वादों से तंग आ चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कट्टा (पिस्तौल) वाले बयान पर पलटवार करते हुए खेड़ा ने विवादित टिप्पणी की कि नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद की घोषणा करवानी चाहिए। इस बयान से बिहार की राजनीति में बवाल मच गया है, और बीजेपी



**बिहार चुनाव को लेकर खेड़ा का दावाः आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कि महागठबंधन पहले चरण में 121 में से 72 सीटें जीतने की स्थिति में है और इस बार उनका स्ट्राइक रेट पहले से कहीं बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और बीजेपी के झूठे वादों से तंग आ चुकी है।**

नेताओं ने इसे अपमानजनक और भड़काऊ बताया है। खेड़ा ने यह भी आरोप लगाया कि पहले चरण में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ियां हुई हैं। उन्होंने कहा कि कई परिवारों के नाम, जो दशकों से वोट डालते आ रहे थे, सूची से हटा दिए गए हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल और चुनाव आयोग ने मिलकर मतदाता सूचियों में हेरफेर की है, जैसा पहले हरियाणा में देखा गया था।

बिहार में पहले चरण के मतदान में 65.08 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ है, जो राज्य के इतिहास में सबसे अधिक है। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को 122 सीटों पर होगा, जबकि नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

न्यूज IN ब्रीफ

## बिरसा कॉलेज खूंटी में स्वच्छता अभियान एबीवीपी और हिंदी विभाग ने लिया हिस्सा



**खूंटी :** जिले के बिरसा कॉलेज परिसर में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और महाविद्यालय के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य परिसर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ छात्रों में स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

इस स्वच्छता कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के मुख्य द्वार से हुई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न विभागों, उद्यान क्षेत्र, पुस्तकालय मार्ग और छात्र इकाई भवन के परिसर की गहन सफाई की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. चंद्र किशोर भगत ने कहा, ₹कॉलेज केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का केंद्र भी है। आज विद्यार्थियों ने जिस उत्साह से सफाई अभियान में भाग लिया, वह हमारे संस्थान की सकारात्मक सोच और अनुशासन को दशार्ता है। स्वच्छ परिसर से ही स्वच्छ समाज की शुरूआत होती है।

हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. संगीता कुमारी ने कहा, हिंदी विभाग हर वर्ष सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। आज का अभियान छात्रों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का एक सफल प्रयास है।

एबीवीपी के विभाग संयोजक, रांची, प्रकाश टुटी ने कहा, एबीवीपी हमेशा से समाज व कैंपस हित के मुद्दों पर सक्रिय रही है। आज का स्वच्छता अभियान छात्रों के बीच युवा शक्ति की सकारात्मक पहल को मजबूत करता है। हम विद्यार्थी केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रह सकते; कॉलेज परिसर हमारा दूसरा घर है, और इसे स्वच्छ रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

श्री टुटी ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. भगत और हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. संगीता कुमारी का आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफल हुआ। साथ ही उन्होंने एबीवीपी के सभी कार्यकताओं और हिंदी विभाग के छात्र-छात्राओं के योगदान की सराहना की। इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने न केवल परिसर की सफाई और कचरा संग्रहण का कार्य किया, बल्कि उन्होंने पौधों की देखरेख भी की और 'प्लास्टिक मुक्त कैंपस' का संदेश भी जोरदार तरीके से फैलाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पूनम मैथ्यू (बर्सर), डॉ. पुष्प सुरीन, सुनीता कुमारी, संगीता टोप्पो, विजय प्रधान, प्रकाश प्रमाणिक, सुरेंद्र महतो तथा सुखराम सहित अनेक शिक्षकगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व पत्नी और भांजे ने चाकू मारकर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खूंटी :** जिले के कदमा क्षेत्र के डहूपीढी इलाके में शुक्रवार, 31 अक्टूबर की शाम एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की पहली पत्नी और उसके भांजे समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि मृतक के दूसरी शादी करने पर नाराजगी के चलते इस हत्या की साजिश रची गई। मृतक रंजीत महतो उर्फ टुना, राँची जिला के सोनाहातु का रहनेवाला था जिसकी की 31 अक्टूबर की शाम ग्राम कदमा के डहूपीढी के पास गर्दन पर तेज धार वाले हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की दूसरी पत्नी रेनु देवी के लिखित आवेदन पर खूँटी थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले में शामिल मृतक की पहली पत्नी सुगी देवी और उसकी बहन के बेटे सोनू महतो को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान दोनों ने हत्या का अपराध कबूला। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि रंजीत महतो ने रेनु देवी से दूसरी शादी कर ली थी, जिससे नाराज होकर सुगी देवी ने अपने भांजे सोनू महतो और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या का षड्यंत्र रचा।

## डायलिसिस कराने जा रहे युवक की रास्ते में हुई मौत



**चतरा:** जिले के हंटरगंज से रांची अपना डायलिसिस कराने जा रहे एक युवक की मौत रास्ते में ही हो गई। मृतक हंटरगंज थाना क्षेत्र के केवला गांव के जय गोविंद सिंह का 33 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार सिंह है। अभिषेक कुमार सिंह अपना किडनी का डायलिसिस कराने रांची अकेले यात्री बस से जा रहा था। इसी दौरान बालूमाथ के पास बस में ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद आनन फानन में बस के कंडक्टर उसे बालूमाथ सरकारी अस्पताल में ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मालूम हो कि अभिषेक कुमार पिछले कई वर्षों से किडनी रोग से पीड़ित थे। युवक की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के करुण चित्कार से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है।

## छत का छज्जा टूटा, एनएम हुई घायल, पटना रेफर

चतराः हंटरगंज में शनिवार को सेवानिवृत एनएम माया देवी अपने घर के छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के द्वारा घायल एनएम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया। जांच चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। पैर में फ्रैक्चर और सर में गंभीर चोट रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए बिहार के गयाजी स्थित मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।जहां से चिकित्सकों ने बेतहर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार एनएम अपने छत पर कपड़ा सुखाने के लिए रस्सी बांध रही थी। इसी दौरान घर का छज्जा टूट कर गिर गया और एनएम छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### व्यापारी की लूट का खुलासा

# देसी पिस्टल, बाइक व नकदी बरामद

संवाददाता

**खूंटी :** 21 सितंबर को जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र के एक लूटकांड का शीघ्र खुलासा करते हुए पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से लूट का एक हिस्सा, एक देशी पिस्टल, दो मोटरसाइकिलें और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। मारंगहादा थाना क्षेत्र के हितुटीला टॉवर के पास 20 सितंबर की शाम एक चौंकाने वाली घटना घटी। यहाँ कटे-फटे नोट बदलने का कार्य करने वाले एक व्यापारी को बाजार से लौटते समय चार युवकों ने रोककर देशी पिस्टल का भय दिखाया और उससे 40 हजार रुपये की नकदी लूट ली। इसकी सूचना मिलने पर मारंगहादा थाना पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

एसडीपीओ वरुण कुमार रजक के नेतृत्व में गठित एक विशेष पुलिस दल ने मामले की तहकीकात शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की और उन पर नजर रखनी शुरू की। अंततः एक सफल ऑपरेशन के तहत चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।




गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रूगुडीह, पोसेया निवासी 26 वर्षीय जोगोन नाग उर्फ राजा, 19 वर्षीय महादेव मंडा निवासी अंकित नायक उर्फ कछुआ, सोदाग निवासी 24 वर्षीय निहारण होरो उर्फ राजा उर्फ मोटा और सोदाग के ही 22 वर्षीय रंजीत मुंडा उर्फ पोटो का नाम शामिल है।

पुलिस ने आरोपियों से छापेमारी करते हुए घटना में इस्तेमाल की गई एक देशी पिस्टल, लूट में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें, चार मोबाइल फोन, लूटे गए 20 हजार रुपये नगद (कुल लूट का आधा हिस्सा) और एक काले रंग का बैग बरामद किया है।

पूछताछ के दौरान चारों आरोपियों ने 20 सितंबर को व्यापारी को लूटने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। हैरान करने वाला खुलासा यह हुआ है कि आरोपियों ने इस घटना से करीब एक सप्ताह पहले भी इसी तरह की एक अन्य लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस इस पहलू की भी गहन जांच कर रही है।

एसडीपीओ वरुण कुमार रजक ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बताया, यह गिरफ्तारी पुलिस की त्वरित कार्रवाई और अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का नतीजा है। हमने घटना के ठीक बाद तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचनाओं पर काम शुरू कर दिया था, जिसके चलते जल्द ही आरोपियों का पता चल सका।

## फुटपाथ दुकानदारों की जीविका बचाना पहली प्राथमिकताः वीरेंद्र पांडे

### झुमरी तिलैया में झामुमो की बैठक, नगर परिषद प्रशासन पर मनमानी का आरोप, मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति के निदेर्शानुसार झुमरी तिलैया नगर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को ब्लॉक रोड स्थित साहू धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा ने की जबकि संचालन व्यवसाय मोर्चा के सिकंदर यादव और युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, जिला सचिव पवन माइकल कुजूर और जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में फुटपाथ दुकानदारों की जीविका संकट पर गहन चर्चा हुई। वक्ताओं



ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा पटरी दुकानदारों को अतिक्रमण का भय दिखाकर परेशान किया जा रहा है, ठेले उठाए जा रहे हैं और मनमाना जुमार्ना लगाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों की रोजी-रोटी बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। गरीबों को डराने या उनकी आजीविका छीनने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन को पहले बेंडिंग जोन के नियमों का खुलासा करना चाहिए और वैकल्पिक स्थल सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि दुकानदारों को एकजुट कर बाजार की पहचान बनाई जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि यदि प्रशासन ने मनमानी जारी रखी तो झामुमो चरणबद्ध आंदोलन करेगा। दुकानदारों की समस्याओं और उनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है और जिला समिति अब उसके प्रत्युत्तर की प्रतीक्षा कर रही है। बैठक में सिकंदर यादव, बबलू कुमार, रघुनंदन यादव, मोहम्मद मुस्तकीम, सुनील प्रसाद, दिलीप गुप्ता, कृष्ण पंडित, उर्मिला देवी, रीना देवी, जगरानी देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अफीम तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

**चतरा :** जिले में अवैध अफीम के काले कारोबारियों के खिलाफ पुलिस को लगातार सफलता हासिल हो रही है। इसी कड़ी में चतरा पुलिस ने फिर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने वशिष्ठ नगर जोरी क्षेत्र अंतर्गत जोरी स्थित काली मंदिर के समीप चतरा डोभी मुख्य पथ पर वाहनों की सघन जाँच की गई। जाँच के दौरान, एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रोका गया। उनकी तलाशी में कुल 460 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। यह अफीम बिहार भेजी जानी थी। पुलिस ने



थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत कुनिया बारा गांव निवासी वसंत चौधरी के पुत्र चंदन कुमार और इसी गांव के रामलखन चौधरी के पुत्र पिंटू कुमार और बिहार के गयाजी जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के झौर निवासी बालचन्द चौधरी के पुत्र गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से अफीम, तस्करी में प्रयुक्त एक ग्लैमर मोटरसाइकिल और 3 स्मार्ट मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। वशिष्ठ नगर थाना में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस रैकेट में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है।

## झारखंड स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

संवाददाता

**चतरा :** झारखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती विद्या मंदिर के स्कूली बच्चों द्वारा भव्य रैली निकाली गई। सुबह विद्यालय परिसर से शुरू हुई यह रैली शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुवे पोस्ट ऑफिस चौक पहुंची। जहां से वापस होकर विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने बैंड की मधुर धुन पर जगह-जगह लोगों का ध्यान



आकर्षित किया। रैली के दौरान शिक्षक और छात्र झारखंड के पिछले 25 वर्षों में हुए विकास कार्यों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक करते नजर आए। स्थापना दिवस के इस अवसर पर शहर का माहौल उत्साह और गौरव से भर उठा।

## श्री कोडरमा गौशाला समिति का हास्य कवि सम्मेलन आज

मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** श्री कोडरमा गौशाला समिति के तत्वावधान में आज संध्या 7 बजे से शिववाटिका में एक भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रख्यात कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को हंसी, जोश और भावनाओं के रंग में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले



प्रमुख कवियों में मध्यप्रदेश के हास्य कवि पं. अशोक नागर शाजापुर, राजस्थान के गीतकार कुंवर जावेद, कोलकाता के हास्य कवि पवन बाँके बिहारी, इंदौर के वीररस कवि युकेश मौलवा, नागपुर की गीतकार शामा शौर्य ओझावी और दिल्ली की रजनी अवनि शामिल होंगी। कार्यक्रम में हास्य, शृंगार, वीर और राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत काव्य-पाठ होंगे, जिससे न केवल श्रोता मनोरंजन का आनंद लेंगे बल्कि साहित्य और भारतीय संस्कृति के जीवंत रंगों से भी जुड़ेंगे। श्री कोडरमा गौशाला समिति ने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति का उद्देश्य हास्य और साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और गौ-सेवा के प्रति जन- जागरूकता फैलाना है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज केडिया ने हास्य कवि सम्मेलन की तैयारी के बारे में जानकारी दी।

### मदरसा आलिया कांके में भव्य जलसा-ए-दस्तार बंदी का आयोजन

# कुरान की शिक्षा सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण : मौलाना

संवाददाता

**रांची :** मदरसा आलिया अरबिया, कांके रांची में 19वें जलसा-ए-दस्तार बंदी का भव्य आयोजन किया गया। यह शनिवार शाम 7 बजे से शुरू होकर देर रात तक चला। इस एतिहासिक जलसा-ए-दस्तार बंदी में हिंदुस्तान के मशहूर उलेमा ए कराम, इस्लामी स्कॉलर ने संबोधित किया। जलसे की अध्यक्षता हजरत मौलाना कारी अशरफुल हक मजाहिरी ने की और संचालन मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मौलाना साबिर हुसैन मजाहिरी ने किया। जलसे की शुरूआत ताली ए कुरान हजरत कारी सोहेब अहमद के तिलावत कुरान पाक से हुई। बतौर मुख्यातिथि यूपी के हजरत मौलाना अहमदुल हुसैनी ने कुरान की शिक्षाओं का महत्व आध्यात्मिक विकास, नैतिक आचरण और सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण बताया। कुरान न केवल एक धार्मिक मार्गदर्शन है, बल्कि यह शिक्षा और ज्ञान को भी अत्यधिक महत्व देती है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। जलसे में आपके आने से अल्लाह आपका गुनाह माफ कर देता है। वहीं विशिष्ट अतिथि हजरत मुफ्ती अनवर कासमी काजी ए शरीयत दारुल कजा रांची ने अपने संबोधन में कहा कि हाफिज ए कुरान की बड़ी अहमियत है। एक शिक्षित व्यक्ति समाज के विकास और सुधार में बेहतर योगदान दे सकता है। कुरान का ज्ञान व्यक्ति को रोजमर्रा की ज़िंदगी में सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करता है। मुफ्ती अनवर कासमी ने मौलाना सालिम और मौलाना अख्तर मजाहिरी के जीवन पर भी बात की। वहीं मुफ्ती सोहराब नायब नाजिम इमारत शरिया पटना ने कहा कि मुसलमानों जिस तरह रोजा रखना जरूरी है उसी तरह अपने बच्चों को दीनी शिक्षा देना जरूरी है। नौजवानों जहेज लेने से तौबा करो, किसी बाप को मजबूर न करो। जहेज दीमक है वो तुम्हारी घर को खत्म कर देती है। वहीं मुफ्ती अमानत ने कहा कि आज जरूरत है मकतब के निजाम को मजबूत करने का। लोगों स्कूलों में आपके बच्चों से ईमान छीनी जा रही है। वहीं मौलाना गैयूर अहमद कासमी ने कहा कि नौजवानों समाज के बुराइयों को खत्म करने पर काम करो। नेक मजलिस में बैठने वालों



को अल्लाह गुनाह माफ कर देता है। जलसा में 342 हुफ्फाज ए कराम के सरो पर दस्तार बांधी गई। मदरसे के मोहतमीम कारी अशरफुल हक, नायब मोहतमीम मौलाना मुकर्रम और जिम्मेदार कारी अब्दुर रऊफ, मौलाना इम्तियाज, मौलाना मंसूर, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना फिरोज ने बताया कि यह जलसा एक तारीखी जलसा रहा। वहीं मौलाना ताजुद्दीन, मौलाना अहमद हुसैन, मौलाना मुस्तफा, मौलाना मोईन, कारी खालिद, कारी मुजफ्फर, मौलाना शहामत, मौलाना मुर्तजा, हाफिज कुद्दुस, हाफिज इरफान, हाफिज गुलशाद, हाफिज मुश्ताक ने संयुक्त रूप से बताया कि यह जलसा 11 वर्ष के बाद होने से पूरी तरह कामयाब रहा। मदरसा के प्रिंसिपल कारी अशरफुल हक और नायब प्रिंसिपल मौलाना मुकर्रम ने बताया कि इस एतिहासिक जलसा में झारखंड सरकार के मंत्री और विधायकगण के प्रतिनिधि शामिल हुए। कारी जमशेद जौहर और कारी नेसार दानिश ने नात नबी पढ़ी तो पूरा मजमा झूम उठा। जो इश्क मोहम्मद का तलबगार न होगा, महशर में कोई उसका मददगार न होगा। वहीं कारी जमशेद जौहर ने पढ़ा कि आलिया के जां थे मौलाना मेरे अख्तर हुसैन, सच के साइबा थे मौलाना मेरे अख्तर हुसैन। तो मजमा झूम उठा।

**नौजवानों ने संभाली कमान**

जलसे में भीड़ काफी थी लोगों ने कहा कि लगभग 30 से 40 हजार की भीड़ थी। इस भीड़ को किसी भी तरह कि कोई परेशानी न हो इसका ख्याल नौजवानों और मोहल्ले वालों ने रखा। मौलाना ने बताया कि इस मोहल्ला के एक एक घर में मेहमानों के खाने का इंतेजाम किया गया था।

**जिन्होंने जलसे को कामयाब बनाया सभी का शुक्रिया :** मदरसा के मोहतमीम मौलाना अशरफुल हक मजाहिरी ने कहा कि इस जलसे को कामयाब बनाने वाले मेरे नौजवान, मोहल्ला के लोग, हमारे शिक्षक आदि का हम शुक्रिया अदा करते हैं।

**चाय, कॉफी, बिस्किट, नाश्ता, खाना सब फ्रीः** यहां के नवजवानों और मोहल्ले वालों ने भी दिल खोल कर साथ दिया। देर रात तक फ्री चाय, कॉफी, बिस्किट, पानी बटता रहा।

इस मौके पर मुफ्ती अबू दाऊद, जमीयत उलेमा के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी, महासचिव हाजी शाह उमैर, मौलाना असगर मिस्बाही, मौलाना शौकत, मौलाना रफीक, मौलाना अबुल कलाम, मौलाना अब्दुल वाजिद चतुवेर्दी, हाफिज आरिफ, मौलाना अब्दुल माजिद, अधिवक्ता परवेज, झामुमो मुश्ताक, मौलाना तल्हा नदवी, ऐनुल हक अंसारी, साबिर खान, शमीम बड़ाइक, हकीम, डॉक्टर मालिक शुजाऊदीन, हाजी अलाउद्दीन, अधिवक्ता जलील, जीएम असफर अली, मुजीब अली, मौलाना नजमुद्दीन, मौलाना शामिउल हक, कारी उस्मान, कारी असजद, मौलाना अलीमुद्दीन, मौलाना कमालुद्दीन, मौलाना नैयर इकबाल, मौलाना बेलाल, मौलाना इनमुल्ला, मौलाना समीउल्लाह, मौलाना मनव्वर मजाहिरी, समेत दर्जनों मदरसा सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

# ट्यूनीशिया में फंसे 48 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित लौटे घर

## सीएम हेमंत के निर्देश पर हुई कार्रवाई



संवाददाता

**रांची:** अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में कथित रूप से फंसे झारखंड के 48 प्रवासी श्रमिक सुरक्षित रूप से अपने गृह जिलों में लौट आए हैं। घर लौटने के बाद श्रमिकों में खुशी की लहर है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**सीएम हेमंत के निर्देश के बाद घर लौटे मजदूर**

सभी श्रमिकों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। ये सभी श्रमिक अफ्रीका के ट्यूनीशिया देश में एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। वहां पर काम बंद हो गया और उन लोगों का भुगतान रुक गया था। उन मजदूरों के सामने भोजन की समस्या खड़ी हो गयी थी। धीरे-धीरे स्थिति इतनी खराब हो गयी कि कई लोगों ने मदद की उम्मीद छोड़ दी थी। तभी किसी तरह यह जानकारी राज्य सरकार तक पहुंची।

प्रवासी नियंत्रण प्रकोष्ठ (झारखंड श्रम विभाग) की टीम प्रमुख शिखा लाकड़ा ने बताया कि सभी प्रवासी श्रमिक शुक्रवार को अपने घर पहुंच गए। लाकड़ा ने कहा, वे ट्यूनीशिया से मुंबई के लिए विमानों में अलग-अलग समूहों में लौटे और ट्रेन से अपने गृह जिलों हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो पहुंचे। आखिरी समूह शुक्रवार को बोकारो पहुंचा। सभी मजदूरों को नियोक्ता कंपनी द्वारा तीन महीने का वेतन दे दिया गया था।

लाकड़ा ने कहा, प्रवासियों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियो साझा किया था और यह बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंची और उन्होंने श्रमिकों के सुरक्षित आगमन और उनके बकाया वेतन (लगभग 30 लाख रुपये) का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए श्रम विभाग को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके कारण उन्हें वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लाकड़ा ने कहा, हमने भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों से संपर्क किया और प्रक्रिया तथा यात्रा संबंधी औपचारिकताएं पूरी कीं।

# तीन दिन बाद झारखंड में पड़ेगी हांड कंपाने वाली ठंड,आईएमडी ने दी चेतावनी

संवाददाता



**रांची:** राज्य में ठंड ने दस्तक दे दी है। धीरे-धीरे तापमान में गिरावट की वजह से ठंड बढ़ रही है, तो वही ठंडी हवा भी लोगों की मुसीबत बढ़ा रही है जिसकी वजह से कंपनी महसूस हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले अगले 4 दिनों तक झारखंड में लगातार ठंडी हवा चलेगी जिसकी वजह से तापमान में और गिरावट आएगी और लोगों को हांड कंपाने वाली ठंड का सामना करना पड़ेगा।

**3 दिन में तेजी से गिरेगा तापमान**

मौसम विभाग ने राज्य के सभी 24 जिलों के लिए ठंड बढ़ने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक 9 से 11 नवंबर तक मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं 10-20 किमी/घंटा की रफ्तार से चलेंगी। सुबह-शाम घना कोहरा छाने से दृश्यता 500 मीटर तक सिमट सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में राज्य का औसत अधिकतम तापमान 26-29त्ङ और न्यूनतम 15-18डिग्री है, लेकिन अगले 72 घंटों में पारा 3-5 डिग्री नीचे लुढ़केगा। कोल्हान, संथाल परगना और उत्तरी छोटानागपुर में न्यूनतम तापमान 12-14डिग्री तक पहुंच सकता है।

**दिसंबर तक राज्य में गिरेगा 8-10डिग्री तक पारा**

मौसम वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने कहा-पश्चिमी विक्षोभ और ला नीना का असर है। दिसंबर तक राज्य में 8-10 डिग्री तक पारा गिर सकता है। मौसम विभाग की ओर से लगातार लोगों को बदलते मौसम के दौर में सावधान रहने की राय दी गई है और अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ख्याल रखना है। वही किसान भाईयों को भी अपने खेतों में लगे सब्जियों की देखभाल करते रहना है वर्ना आपकी फसल बर्बाद हो सकती है।

# घाटशिला उपचुनाव से पहले झारखंड में शराब बिक्री पर लगा बैन

## 9 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे से 11 नवंबर के अपराह्न 5 बजे तक ड्राई डे रहेगा

संवाददाता



**रांची:** घाटशिला विधानसभा सीट पर मतदान 11 नवंबर को कराया जाएगा। 14 नवंबर को मतगणना की जाएगी। वहीं, इसके मद्देनजर शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यानी 9 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे से 11 नवंबर के अपराह्न 5 बजे तक ड्राई डे रहेगा।

**उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी द्वारा उत्पाद अधिनियम की धारा 26 में प्रदत्त शक्तियों के तहत घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में 9 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे से 11 नवंबर के अपराह्न 5 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान समाप्त होने के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान उस मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, भोजन, पाठशाला दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिट युक्त किण्वित या मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो बेचा जाएगा, न दिया जाएगा और न वितरित किया जाएगा। वहीं, कोई भी व्यक्ति उल्लंघन करेगा वह छह माह जेल या दो हजार तक जुर्माने का भागी होगा।

बता दें कि झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन से खाली हुई इस सीट पर अब उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन मैदान में हैं और भाजपा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ताल ठोक रहे हैं। दोनों ही संताल समाज से आते हैं। इसलिए संभावना है कि आदिवासी मत दोनों तरफ जाएगा। भाजपा के अपने सहयोगी लोजपा के सहारे चार प्रतिशत दलित मतों को साथ लाने की कोशिश में हैं। झामुमो गठबंधन के मुस्लिम मंत्री भी अल्पसंख्यक मतों को अपने पाले में लाने के लिए लगे हैं, लेकिन भाजपा आदिवासी मतों के अलावा कुड़मी, पिछड़ी और अन्य दलित मतों पर नजर रख रही है। चंपाई के गहरे मित्र विद्युतवरण महतो की भी इस क्षेत्र में काफी पकड़ है। वे तीन बार से जमशेदपुर लोकसभा के सांसद भी हैं।

ज्ञात हो कि रामदास सोरेन एक साल से ज्यादा समय से किडनी संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। उनका 15 अगस्त को एक अस्पताल में निधन हो गया था। इसी के कारण घाटशिला सीट पर उपचुनाव कराने की आवश्यकता पड़ी।



## मधुकॉन कंपनी की साइट पर फायरिंग

**रांची:** खलारी क्षेत्र के सीसीएल एनके एरिया में बीती रात सुरक्षा को चुनौती देने वाली वारदात सामने आई। मधुकॉन कंपनी की साइट पर अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की और सुरक्षा गार्ड से हथियार लूटने का प्रयास किया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग दहशत में रहे। सूचना मिलते ही खलारी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई हैं।


Annexure1

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

e-Procurement portal

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 06/2025-26
Date :-07/11/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on DundiGarhaNala Block- Mandu, Dist-Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 61.368 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 13/11/2025 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 27/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 27/11/2025 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 29/11/2025 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 365626 Minor Irrigation(25-26)D

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।


# घाटशिला उपचुनाव में जेएमएम की हार तय : सुदेश महतो



रांचीः आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने सीएम हेमंत पर निशाना साधा। सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की हार घाटशिला विधानसभा चुनाव में तय है। महतो ने कहा कि हताशा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को बैल' कहकर अपने कार्यकर्ताओं का अपमान कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा बाबूलाल सोरेन को बैल' कहा जाना दुर्भाग्यपूर्ण : महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बैल' कहा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल किया कि झामुमो अपने कार्यकर्ताओं को बैल' मानता है क्या? महतो ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि जिस धरती ने अपने सांसद को खोया, उसी धरती पर शासन कर रही पार्टी झामुमो ने उनके बलिदान की चर्चा तक नहीं की। न तो किसी सभा में शहीद सुनील महतो का नाम लिया गया, न ही उनके शहादत स्थल पर कोई श्रद्धांजलि दी गई। महतो ने कहा कि जिस पार्टी ने अपने ही शहीद सांसद के प्रति कर्तव्य नहीं निभाया, वह झारखंडी अस्मिता की बात करने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने अपने कार्यकाल में शहीदों के सम्मान, युवाओं के रोजगार, शिक्षा और पारदर्शिता पर पूर्णतः असफलता दिखाई है।

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की तैयारियों को लेकर विशेष बैठक



रांचीः आरोग्य भवन बरियातू के सभागार में जनजाति गौरव दिवस के आयोजन समिति द्वारा आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर तैयारी को लेकर विशेष बैठक की गई। यह जनजाति गौरव दिवस रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में मनाई जाएगी तथा भिन्न-भिन्न जनजातियों की भिन्न-भिन्न झांकियां, अपनी अपनी पारंपरिक वेशभूषा ढोल नगाड़े मांदर के साथ विभिन्न नृत्य मंडलीय भी उपस्थित होगी ।

फुटबॉल मैदान के चारों ओर स्वतंत्रता सेनानियों की छोटे बड़े कट ऑफ भी लगाए जाएंगे। इस जनजाति गौरव दिवस के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के महा महिम राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे।जनजाति गौरव दिवस को बृहद रूप बनाने में जनजाति गौरव दिवस आयोजन समिति के तमाम कार्यकर्ता बंधु पुरजोर मेहनत कर रहे हैं।रांची के कोकर के पास भगवान बिरसा मुंडा का समाधि स्थल के *पास भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थिति काफी खराब है, कभी भी गिर सकता है। सरकार का ध्यान आकर्ष करते *हुए केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा एवं झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष *सोमा उराँव ने झारखंड सरकार से मांग की है कि भगवान बिरसा मुंडा की अष्टधातु की प्रतिमा अति शीघ्र लगाने की कृपा करें। अबुआ सरकार में भगवान बिरसा मुंडा का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस बैठक में जनजाति गौरव दिवस आयोजन समिति के संयोजक जगलाल पहान, बबलू मुंडा, अशोक मुंडा मुकेश मुंडा आशीष मुंडा नकुल तिर्की , प्रदीप लकड़ा, बिनाचंद उरांव, मुन्ना हेंब्रम, बुधराम बेदिया, एतवा बेदिया , मुकेश मुंडा, पंचम भोक्ता, सुनील टोप्पो, हिंदुवा उरांव, कामेश्वर साहू एवं जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव मौजूद थे।


e-Procurement Cell

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI

(Behind State Guest House Morhabadi)
Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Very Short Term e-Procurement Notice

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/43/2025-26 | Renovation of Main Building, Boundary Wall, Main Gate Pathway and Shed in Vikas Bhawan (DDC Office) at Kutchery Road, Ranchi | 23617400 | Three Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 17-11-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-11-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-11-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| | Note: - Cost of bidding document (Non -Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 365579 Building(25-26)D


# सब कुछ होते हुए भी मूलभूत विकास से अछूता है घाटशिला : जयराम महतो

## घाटशिला से रामदास मुर्मू को जीताकर टाइगर जयराम महतो के हाथ को करें मजबूत : देवेन्द्र नाथ महतो

मेट्रो रज



**रांची/घाटशिला:** घाटशिला उपचुनाव प्रचार प्रसार में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी रामदास मुर्मू के पक्ष में मतदान के लिए पूरी ताकत झोंक दिया है ।

एक तरफ जेएलकेएम सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो आज धालभूमगढ़ प्रखंड के बागुला, रावताडा, केन्दाडीया, कुकड़ाखुफी,जुगीशोल,दलकी , सिद्धेशोल,बुरुडीह,चतरो, नुतनडीह, कोकपाड़ा , मोहलीशोल,आमादा, घोषदा , धालभुमगढ़,नरसिंहगढ़,कानास के अलावा अन्य विभिन्न विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान कर नुक्कड़ सभा को संबोधन किया । वहीं दूसरी तरफ केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष आंदोलनकारी नेता देवेंद्रनाथ महतो अपने स्थानीय टीम और ग्रामीणों के साथ बनकाटी ,बाड़ाजुड़ी,गंधानिया,हरलूंग, काड़ाडुबा,अमडंगा,धमकबेड़ा ,कालाझौर, राजाबासा के अलावा अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया ।

मौके पर टाइगर जयराम महतो ने कहा कि घाटशिला क्षेत्र में यूरेनियम, तांबा , सोना ,चांदी , अभ्रक, मैग्नीज, व्हाइट स्टोन, पन्ना स्टोन जैसे अन्य मंहगी धातु उपलब्ध है लेकिन ईमानदार नेतृत्वकर्ता के अभाव से घाटशिला क्षेत्र मूलभूत विकास से अछूता है । शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था लचर है, घाटशिला में सब कुछ होते हुए भी भुखमरी। बेरोजगार के लाचार में लोग पलायन के लिए मजबूर हैं । भाजपा और झामुमो दोनों पार्टियों को

घाटशिला को विकास करने का मौका मिल चुका है लेकिन ये दोनों पार्टी घाटशिला में स्थित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड को शुरू नहीं कर सका , घाटशिला क्षेत्र के कई मांइस बंद पड़े हुए हैं । घाटशिला के जनता से प्रत्याशी रामदास मुर्मू के पाक्ष मतदान करने का अपील किया है । साथ ही उन्होंने कहा कि अगर घाटशिला के जनता काम करने का अवसर देते हैं तो एचसीएल कारखाना एवम बंद पड़े मांइस को चालू कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा ।

मौके पर जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष आंदोलनकारी नेता देवेन्द्रनाथ महतो घाटशिला की जनता को अपील करते हुए कहा की आगामी 11 नवंबर, 2025 को टाइगर जयराम महतो के हाथ को मजबूत करने के लिए चुनाव चिन्ह कांची छाप पर बटन दबाकर

रामदास मुर्मू को विजयी बनावें। घाटशिला की जनता भाजपा और झामुमो से सावधान हो जाये। दोनों पार्टी झारखंड के खनिज संपदा को लूट कर हेलीकॉप्टर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। ऐसे पार्टियों को सबक सिखाने की आवश्यकता है अगर झारखंड को बचाना है तो एक ही विकल्प टाइगर जयराम महतो के पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा है । झारखंड में स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति , पुनर्वास नीति उद्योग नीति लागू करने के लिए ,पेपर लीग के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ , परीक्षा कैलेंडर के लिए ,मजदूर ,किसान, छात्र, महिला के हक अधिकार के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा निरंतर संघर्ष कर रही है।जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू ने कहा कि घाटशिला में सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार की स्थिति खराबघाटशिला क्षेत्र के स्थानीय विधायक नहीं होने का कारण है। इस बार घाटशिला की जनता टाटा के नहीं घाटशिला के बेटा चुनेंगे ।साथ ही उन्होंने कहा कि अगर मुझे काम करने का अवसर मिलता है तो मैं अपना विधायक के वेतन का पचहत्तर प्रतिशत घाटशिला की जनता के जन कल्याण के लिए दान कर दूंगा।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

पी0एम0 नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला नवम्बर 2025 से सबंधित सूचना

संयुक्त निदेशक नियोजन (मु0) निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के पत्रांकः–1530 दिनांकः–04.11.2025 के आलोक में सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी द्वारा उद्योगों में कुशल कारीगरों की प्रबल मॉग को देखते हुए। Apprenticeship Act-1961 के अन्तर्गत दिनांकः–10.11.2025 समय पूर्वाहन 10.00 बजे से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एरेण्डा तुतटोली खूँटी नियर पुरानी पूलिस लाईन खूँटी में (PM Apprenticeship Mela-PMNAM 2025) अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है। उक्त मेला में निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः–

| SL NO | NAME OF EMPLOYER | REQUIRED QUALIFICATION | AGE | POSITION OFFERED | LOCATION | REMARKS |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | L& T CONSTRUCTION SKILL TRAINING INSTITUTE | ALL ITI TRADE, 10TH, 12TH | 18-35 | CONSTRUCTION TECHNICIAN | ANY WHERE IN ONGOING PROJECT SITE | DURING TRAINING FOOD/ACCOMMODATION FREE (RS 18000 AFTER TRAINING STIPEND) |
| 2 | Confederation of Indian Industry (CII-Model Carrier Centre) | ITI/ Diploma any stream | 18-35 | TRAINEE OPERATOR | BANGALORE | CHENNAI/GUJRAT(RS 17500/-) CANTEEN FACILITEIS |
| 3 | MRF PVT LTD | ALL ITI TRADE, 10TH, 12TH | 18-26 | MACHINE OPERATOR TRAINEES | TAMILNADU | MANUFACTURING (RS 17134 STIPEND) |

जिसमें जिले के तकनीकी प्रशिणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनिरयिंग/Short term Skill etc) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5 वीं से स्नातक आदि) PMNAM Apprenticeship मेला में भाग लेकर Apprenticeship portal www.apprenticeshipindia.gov.in पर Apprentice mela page पर जाकर Trainees के रूप में अपना निबंधन कराते हुए प्रतिश्ठानों में Apprenticeship करने का मौका पाए। उपरोक्त संदर्भ में खूँटी जिला अन्तर्गत सभी MSME/Manufacturing Sector/Service Sector/Hotel/Restaurant/Shopping Mall/Hospital Coaching Center/Service Center/Bank इत्यादि से संबंधित नियोजकों से अपेक्षित है कि उक्त तिथि, स्थल एवं समयानुसार PMNAM Apprenticeship मेला में भाग लेना सुनिश्चित करें एवं अधिक से अधिक प्रशिणार्थियों को Apprenticeship करने का सुअवसर प्रदान करें।

नोटः– अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों/तकनीकी प्रमाण पत्रों/मोबाईल न0/आधार कार्ड/ईमेल आई0डी0 (मूल प्रति एवं छायाप्रति) एवं फोटोग्राफ के साथ स–समय पूर्वाहन 10.00 बजे उपरोक्त वर्णित स्थल पर (PM Apprenticeship Mela-PMNAM 2025) मे भाग लेना सुनिश्चित करें।

जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–
सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA)
जिला नियोजनालय खूँटी

PR 365587 (Labour Employment and Traning)25-26*D

# औषधीय गुणों से भरा है आंवला

**आयुर्वेद के अनुसार आंवला एक ऐसा फल है, जिसके अनगिनत लाभ हैं। आंवला न सिर्फ त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है, बल्कि कई तरह के रोगों के लिए औषधि के रूप में भी काम करता है। आंवला का प्रयोग कई तरह से किया जाता है जैसे आंवला जूस, आंवला पाउडर, आंवला अचार आदि। आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन, मिनरल और न्यूट्रीएंट्स होते हैं, जो आंवला को अनमोल गुणों वाला बनाते हैं। आंवले में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है और यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जिसके कारण इसके कई औषधीय गुण हैं ।**

**आंवला** को आयुर्वेद में अमृतफल या धात्रीफल कहा गया है। वैदिक काल से ही आंवला का प्रयोग औषधि के रूप में किया जा रहा है। आयुर्वेद के अनुसार आंवला एक ऐसा फल है, जिसके अनगिनत लाभ हैं। आंवला न सिर्फ त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है, बल्कि कई तरह के रोगों के लिए औषधि के रूप में भी काम करता है। आंवला का प्रयोग कई तरह से किया जाता है जैसे आंवला जूस, आंवला पाउडर, आंवला अचार आदि। आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन, मिनरल और न्यूट्रीएंट्स होते हैं, जो आंवला को अनमोल गुणों वाला बनाते हैं। आंवले में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है और यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है, जिसके कारण इसके कई औषधीय गुण हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, पाचन में सुधार करता है और बालों और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके अतिरिक्त यह डायबिटीज,



कोलेस्ट्रॉल और हृदय स्वास्थ्य को नियंत्रित करने में मदद करता है तथा आंखों की रोशनी बढ़ाता है। आंवला के कई स्वास्थ्य लाभ हैं।

**प्रतिरक्षा को बढ़ाता है:** आंवला में प्राकृतिक पदार्थ होते हैं जो प्रतिरक्षा के लिए अच्छे होते हैं। नियमित रूप से आंवला का सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है और खाली पेट यह अधिक प्रभावी होता है। आंवला में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और पोषक तत्त्व होते हैं जो इम्युनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं। अच्छी प्रतिरक्षा मौसमी फ्लू या बीमारियों के संक्रमण से लड़ने में सहायता करती है।

**बालों और त्वचा के लिए:** आंवला बालों को झड़ने और सफेद होने से रोकता है, बालों को मजबूत बनाता है और डैंड्रफ को कम करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाने और कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देने में भी मदद करता है।

**पाचन में सुधार करता है :** इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।

**डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल:** यहह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और इंसुलिन के प्रति शरीर की संवेदनशीलता को बढ़ाने में मदद करता है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाए:** आंवला कैरोटिन से भरपूर होता है जो दृष्टि संबंधी समस्याओं पर अपने शक्तिशाली प्रभाव के लिए जाना जाता है। आंवले और शहद से बना यह मिश्रण दृष्टि, निकट दृष्टि दोष और मोतियाबिंद में सुधार करने में मदद करता है। आंवला आंखों की रोशनी बढ़ाने और जलन व खुजली जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**हड्डियां होती है मजबूत:** इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाता है और आस्टियोअर्थराइटिस जैसी समस्याओं में भी राहत दे सकता है।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर:** आंवला में अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करते हैं। एंटीऑक्सीडेंट गतिविधि शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करके एंटी एजिंग में बहुत उपयोगी होती है। यह फ्री रेडिकल्स को कम करके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और शरीर को साफ करने में भी मदद करता है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद:** आंवला शरीर से हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे त्वचा के दाग-धब्बे कम होते हैं। त्वचा साफ और कांतिमय बनती है।

# बदलते मौसम में त्वचा का रखें खास ख्याल



**जब** मौसम बदलता है गर्म से ठंडा या नमी से शुष्क, तो सबसे पहले आपकी त्वचा पर इसका असर पड़ता है। तापमान में अचानक बदलाव, प्रदूषण और नमी में उतार-चढ़ाव त्वचा की प्राकृतिक नमी छीन सकते हैं, जिससे यह रूखी और बेजान दिखने लगती है। साल भर अपनी त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाए रखने का राज मौसम के अनुसार अपनी त्वचा की देखभाल की रूटीन में बदलाव लाना है। अपनी आदतों और उत्पादों में कुछ जरूरी बदलाव करके, आप अपनी त्वचा को रूखेपन, मुंहासे और जलन से बचा सकते हैं। आइए बदलते मौसम में अपनी त्वचा की देखभाल के कुछ असरदार तरीकों पर नजर डालें।

**अपनी त्वचा को रखें हाइड्रेटेड :** हाइड्रेशन स्वस्थ त्वचा की नींव है। बदलते मौसम में, तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण आपकी त्वचा तेजी से नमी खो देती है। आंतरिक नमी बनाए रखने के लिए खूब पानी पिएं, दिन में कम से कम 8-10 गिलास। बाहरी रूप से, अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार हाइड्रेटिंग म्वाइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। रूखी त्वचा के लिए, शिया बटर या हायलूरोनिक एसिड वाला म्वाइस्चराइजर चुनें, तैलीय त्वचा के लिए, हल्के नॉन कॉमेडोजेनिक म्वाइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। हाइड्रेटिंग टोनर या फेशियल मिस्ट का इस्तेमाल भी आपकी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा रखने में मदद कर सकता है।

**माइल्ड क्लींजर का करें इस्तेमाल :** कई लोग कठोर साबुन या क्लींजर इस्तेमाल करने की गलती करते हैं जो त्वचा से प्राकृतिक तेल निकाल देते हैं। बदलते मौसम में, इससे त्वचा में अत्यधिक रूखापन या तेल असंतुलन हो सकता है।

ऐसे सौम्य, सल्फेट मुक्त क्लींजर चुनें जो आपकी त्वचा के पीएच स्तर को बनाए रखें। एलोवेरा, शहद और खीरा जैसी सामग्री आपकी त्वचा को मुलायम बनाए रखते हुए उसे साफ करने में मदद करती है। अपनी त्वचा को ज्यादा रूखा बनाए बिना गंदगी और प्रदूषकों को हटाने के लिए दिन में दो बार सुबह और रात,अपना चेहरा धोएं।

**सनस्क्रीन लगाना न भूलें:** कई लोग मानते हैं कि सनस्क्रीन सिर्फ गर्मियों के लिए है, लेकिन सच्चाई यह है कि यूवी किरणें साल भर आपकी त्वचा को प्रभावित करती हैं। बादलों वाले या सर्दियों के दिनों में भी, यूवी किरणों के संपर्क में आने से समय से पहले बुढ़ापा, टैनिंग और काले धब्बे हो सकते हैं। बाहर निकलने से 15-20 मिनट पहले हमेशा ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन (एसपीएफ 30 या उससे ज्यादा) लगाएं। अगर आप लंबे समय तक बाहर रहते हैं, तो हर 2-3 घंटे में दोबारा लगाएं। तैलीय या मुंहासे वाली त्वचा के लिए जैल आधारित सनस्क्रीन का उपयोग करें, जबकि शुष्क त्वचा के लिए क्रीम आधारित फामूर्ले से लाभ होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट युक्त फूड्स शामिल करें:** स्वस्थ त्वचा अंदर से शुरू होती है। मौसमी बदलाव अकसर शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा बेजान और मुंहासे हो जाते हैं। अपने आहार में एंटीऑक्सीडेंट युक्त फूडस जैसे फल, सब्जियां, मेवे और बीज शामिल करें। विटामिन सी (संतरे, आंवला और कीवी में पाया जाता है) कोलेजन उत्पादन को बढ़ाता है, जबकि विटामिन ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड (बादाम, अखरोट और अलसी में पाए जाते हैं) प्राकृतिक चमक बनाए रखने में मदद करते हैं। अत्यधिक कैफीन, तले हुए फूड्स और चीनी से बचें, जो त्वचा में डिहाइड्रेशन और जलन पैदा कर सकते हैं।

**नियमित रूप से एक्सफोलिएट करें:** मौसम परिवर्तन के दौरान आपकी त्वचा बेजान दिखने का एक मुख्य कारण मृत त्वचा का जमाव है। नियमित एक्सफोलिएशन मृत कोशिकाओं को हटाता है, रोमछिद्रों को खोलता है और ब्लड सकुर्लेशन में सुधार करता है। सप्ताह में एक या दो बार कॉफी, चावल के आटे या ओटमील जैसी प्राकृतिक सामग्री से बने हल्के स्क्रब का प्रयोग करें।

### किडनी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है ये आदतें

## नहीं किया कंट्रोल तो हो सकता है डैमेज, डॉक्टरों ने दी चेतावनी



**किडनी की** बीमारियां आजकल तेजी से बढ़ रही हैं और यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ पानी की कमी ही नहीं, बल्कि कुछ रोजमर्रा की आदतें भी किडनी पर बुरा असर डाल सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों पर ध्यान न दिया जाए तो किडनी खराब हो सकती है और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं।

**ज्यादा नमक और चीनी का सेवन:** हेल्थ एक्सपट्र्स के अनुसार, जरूरत से ज्यादा नमक खाने से किडनी पर दबाव पड़ता है और यह धीरे-धीरे डैमेज होने लगती है। इसके साथ ही अधिक चीनी का सेवन भी किडनी की कार्यक्षमता को प्रभावित करता है। इसलिए भोजन में नमक और चीनी की मात्रा नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है।

धूम्रपान और शराब की आदत: जो लोग धूम्रपान करते हैं, उनकी किडनी प्रभावित हो सकती है। शराब का अधिक सेवन भी किडनी को नुकसान पहुंचाता है और इसके साथ ही पूरी सेहत पर भी बुरा असर डालता है। किडनी की सेहत बनाए रखने के लिए इन आदतों से दूरी बनाना जरूरी है।

पानी की कमी और मूत्र रोकना: किडनी की सेहत के लिए पर्याप्त पानी पीना बेहद जरूरी है। अगर आप लंबे समय तक मूत्र रोकते हैं या पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते, तो किडनी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

**दर्द निवारक दवाइयों का अत्यधिक उपयोग:** कुछ पेन किलर्स यानी दर्द निवारक दवाइयां भी किडनी डैमेज का कारण बन सकती हैं। इसलिए इन दवाइयों का सेवन केवल जरूरत पड़ने पर और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही करें।

**विशेषज्ञ की सलाह:** किडनी की सुरक्षा के लिए अपनी आदतों में सुधार करना बेहद जरूरी है। संतुलित भोजन लें, पर्याप्त पानी पीएं, धूम्रपान और शराब से दूर रहें, और दवाइयों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें। इन सावधानियों को अपनाकर आप अपनी किडनी को स्वस्थ और लंबे समय तक मजबूत रख सकते हैं।

# सर्दियों में रामबाण है मेथी

**सर्दियों के मौसम में मिलने वाली कई पत्तेदार सब्जियां न केवल पाचन को दुरुस्त करती हैं, बल्कि वजन को कंट्रोल करने, डायबिटीज और बीपी को सामान्य रखने में भी मददगार होती हैं। इन्हीं में से एक है मेथी का साग जो स्वाद और सेहत दोनों के लिए फायदेमंद होता है**



**पत्तेदार** सब्जियों का सेवन सेहत के लिए अमृत समान होता है। सर्दियों के मौसम में मिलने वाली कई पत्तेदार सब्जियां न केवल पाचन को दुरुस्त करती हैं, बल्कि वजन को कंट्रोल करने, डायबिटीज और बीपी को सामान्य रखने में भी मददगार होती हैं। इन्हीं में से एक है मेथी का साग जो स्वाद और सेहत दोनों के लिए फायदेमंद होता है। हम साल भर किसी न किसी रूप में मेथी का सेवन करते है, कभी मेथी दाने के रूप में, तो कभी सूखी कसूरी मेथी के रूप में, जो हर तरह से शरीर को फायदा पहुंचाती है। सर्द मौसम में सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस मौसम में शरीर को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में मेथी का सेवन बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। मेथी के पत्ते और बीज दोनों में औषधीय गुण होते हैं, इन्हीं गुणों की वजह से इसे सुपर फूड की श्रेणी में रखा गया है। मेथी के साग में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, पोटाशियम, जिंक, मैगनीज, विटामिन सी, विटामिन बी, सोडियम और कार्बोहाइड्रेट भरपूर होता है, जो इम्युनिटी मजबूत करता है और बॉडी को हेल्दी रखता है। मेथी की पत्तियां डायबिटीज फ्रेंडली हैं, जो न सिर्फ खाने में मजेदार लगती हैं, बल्कि ब्लड शुगर भी नार्मल करती हैं। आइए जानते हैं अगर सर्दियों मेथी का सेवन किया जाए तो सेहत पर कैसा असर होता है।

पाचन में होता है सुधार: मेथी में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होते हैं, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं। इसकी पत्तियां कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत देती हैं। नियमित रूप से मेथी का साग खाने से पेट हल्का रहता है और पाचन बेहतर होता है।

बालों के लिए फायदेमंद: मेथी में मौजूद पोटाशियम, आयरन और नाइट्रोजन बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। यह साग बालों के झड़ने को कम करता है और उनके विकास में मदद करता है। मेथी के नियमित सेवन से बाल घने और चमकदार बनते हैं।

स्किन के लिए फायदेमंद: मेथी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन को हेल्दी रखते हैं। यह फ्री रेडिकल्स को खत्म कर स्किन को ग्लोइंग और यंग बनाए रखने में मदद करता है।

वजन रहता है कंट्रोल में: मेथी में फाइबर की मात्रा अधिक और कैलोरी कम होती है। यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखती है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती। इससे वजन कंट्रोल में रखने में मदद मिलती है।

## अकेलेपन के डर से लोग अपना रहे 'मंकी-बैरिंग', रिश्तों पर पड़ रहा भारी असर

**रिश्तों की** दुनिया में हर इंसान का अंदाज अलग होता है। कुछ लोग लंबे समय तक सिंगल रहते हैं, अपने आप को समय देते हैं और फिर नई शुरूआत करते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो कभी खाली जगह नहीं छोड़ते। उनका पैटर्न साफ दिखता है, जैसे ही एक रिश्ता खत्म होता है, वो पहले से ही किसी नए रिश्ते में कदम रख चुके होते हैं। इस आदत को आजकल एक नया नाम 'मंकी-बैरिंग' दिया गया है।

**मंकी-बैरिंग क्या है?:** 'मंकी-बैरिंग' शब्द की जड़ें बंदरों से जुड़ी है। एक दिलचस्प तुलना में, जैसे बंदर एक डाली को तब तक नहीं छोड़ता जब तक दूसरी डाली को मजबूती से पकड़ न ले, वैसे ही कुछ लोग पुराने रिश्ते को तब तक नहीं छोड़ते जब तक नया रिश्ता उनके हाथ में पक्का न हो जाए। यानी ब्रेकअप आधिकारिक रूप से भले बाद में हो, पर नया रिश्ता पहले ही शुरू हो चुका होता है।

**लोग ऐसा क्यों करते हैं? :** ऐसा करने के पीछे सबसे बड़ा कारण अकेले रहने का डर है। किसी का साथ छूटने के बाद खालीपन और नई शुरूआत की घबराहट कई लोगों को असहज कर देती है। अकेलेपन का डर: कुछ लोगों को सिंगल रहना बहुत मुश्किल लगता है।

**नई शुरूआत की झिझक:** पुराने रिश्ते के बाद जिंदगी को फिर से सेट करने का विचार भारी पड़ता है।

# सनातन संस्कृति का धडकता हृदय हैं मंदिर

**डा. रविंद्र सिंह भड़वाल**

**हम** मंदिर क्यों जाते हैं? अगर इस प्रश्न का उत्तर मिलता है, प्रार्थना करने के लिए, भगवान से कुछ मांगने के लिए मंदिर जाते हैं, तो इसे मंदिर के महत्त्व की एक अत्यंत सीमित एवं संकीर्ण अभिव्यक्ति कहा जाएगा। कुछ हद तक मंदिर जाने का प्रयोजन मनोकामनाओं की पूर्ति हो भी सकता है, मगर मंदिर का महत्त्व इससे कहीं अधिक है। क्या आप सचमुच सोचते हैं कि इस विशाल ब्रह्मांड को चलाने वाली महान शक्ति आपकी छोटी-छोटी जरूरतों का हिसाब रखने के लिए बैठी है? मंदिर केवल भिक्षा मांगने का स्थान नहीं है। यदि मंदिर को केवल अपनी कामनाओं की टोकरी भरवाने तक सीमित कर दिया है, तो आपने सनातन जीवन



के सबसे महत्त्वपूर्ण आयाम को दरकिनार कर दिया है। मंदिर तो समाज का धडकता हुआ हृदय रहे हैं। हाल ही में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशों ने अपने एक निर्णय में मंदिरों के महत्त्व को इन्हीं शब्दों में रेखांकित करने का एक शुभ प्रयास किया था। दरअसल, जब हमने मंदिर बनाए, तो हमने इनके निर्माण में केवल ईंट, पत्थर और चूने का उपयोग नहीं किया। हमने इनके निर्माण में विज्ञान, ज्यामिति और ऊर्जा का निवेश किया। मंदिर एक विशेष रूप से चार्ज की गई जगह होती है। यह एक ऐसा स्थान है, जहां ब्रह्मांडीय ऊर्जा को एक विशेष रूप में, एक विशेष आवृत्ति में स्थिर किया जाता है। मंदिर की स्थापना एक जीवंत प्रक्रिया है।

इसे प्राण प्रतिष्ठा कहा जाता है, जिसका अर्थ है ह्यजीवन शक्ति का आरोपणह्व। एक मंदिर केवल तभी एक मंदिर बनता है, जब उसमें जीवन का संचार किया जाता है, जब वह एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र बन जाता है। यह एक ऐसी जगह है जहां ऊर्जा घनत्व इतना अधिक होता है कि यदि आप उसमें थोड़ी देर बैठते हैं, तो आपकी अपनी ऊर्जा को एक अलग आयाम मिल जाता है। मंदिरों ने सदियों तक भारतीय जीवन को न केवल आध्यात्मिक रूप से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी संगठित किया है। मंदिर सामुदायिक जीवन का केंद्र थे। अगर कोई बच्चा पढ़ना सीख रहा है, तो वह मंदिर के परिसर में सीखता था। अगर किसी को भोजन की आवश्यकता है, तो अन्नदान मंदिर से होता था। हमारी शास्त्रीय संगीत, नृत्य और लोक कलाएं मंदिरों के प्रांगण में ही संरक्षित और पल्लवित हुईं। कल्पना कीजिए नटराज की मूर्ति के सामने भरतनाट्यम का प्रदर्शन करना या मंदिर की शांत दीवारों के बीच बैठकर ध्रुपद का अभ्यास करना। यह परमात्मा को अर्पित की गई एक भावपूर्ण कलात्मक अभिव्यक्ति थी। मंदिर एक विश्वविद्यालय, एक बैंक, एक अन्न क्षेत्र, एक अस्पताल और सबसे ऊपर, संस्कृति के संरक्षक थे। हमारी विरासत, हमारी परंपराएं और ज्ञान का भंडार मंदिरों की दीवारों में सुरक्षित रखा गया था। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हिंदू संस्कृति की धारा बिना किसी अवरोध के बहती रहे।

म्मानव अस्तित्व का प्रत्येक आधार मंदिर के साथ जुड़ता है। मंदिर आपको केवल ईश्वर से नहीं जोड़ता, यह आपको जीवन की समग्रता से जोड़ता है। यह आपको याद दिलाता है कि आप केवल शरीर और मन का एक संग्रह नहीं हैं, आप एक ऊर्जा हैं, इस ब्रह्मांड का एक सूक्ष्म हिस्सा हैं। जब आप एक चार्ज्ड मंदिर में प्रवेश करते हैं, तो यह आपकी ऊर्जा को उस आयाम तक ले जाने का प्रयास करता है जहां से आपको जीवन का अनुभव होता है। इसलिए हमारा किसी मंदिर में जाना तभी सार्थक होगा, जब हम मंदिर के महत्त्व में निहित मूल भावना को आत्मसात्त करके दर्शन हेतु जाएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
**www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## डीडीसी ने किया चेतनारी पंचायत कार्यालय का निरीक्षण



**देवघर :** जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने शनिवार को मागोर्मुण्डा प्रखंड एवं प्रखंड के ग्राम पंचायत कार्यालय चेतनारी का निरीक्षण किया। इसके अलावा ग्राम पंचायत कार्यालय चेतनारी का निरीक्षण किया गया पंचायत में मनरेगा के तहत संधारित पंजियों एवं संचिकाओं की जाँच की गई तथा पंजीयों को अधतन करने तथा संचिकाओं का उचित तरीके से संधारण का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सेवक एवं रोजगार सेवक को ससमय पंचायत कार्यालय प्रत्येक दिन समय पर पंचायत भवन खोलने तथा पंचायत से सम्बंधित सभी कार्यों को पंचायत भवन से करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न आवास के लाभ को की सूची पंचायत भवन में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान मनरेगा के विभिन्न कूप निर्माण, डोभा निर्माण, आवास योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरिक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मागोर्मुंडा,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मागोर्मुंडा,सहायक अभियंता, कनीय अभियंता,आवास के समन्वयक एवं जिला स्तरीय टीम आदि उपस्थित थे।

## एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पोक्सो एक्ट 40/23 व मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 74/17 के स्थाई वारंटी राहुल पासवान 24 पिता टेम्हा उर्फ राजेश पासवान, साकिन शोभनपुर भट्टा, थाना मुफ्फसिल, जिला साहिबगंज निवासी को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया गया। मुफ्फसिल पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत अभियुक्त को शारीरिक जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज ले गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने फौरन शारीरिक जांच किया उसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## भूमि विवादों के निपटारे के लिए थाना दिवस का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/उधवा :** जिले में लगातार बढ़ते भूमि विवादों पर रोक लगाने और जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी थाने में अंचलाधिकारी के सहयोग से थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को राधानगर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में कई फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में थाना पहुंचे। अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता पूर्वक सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुछ मामलों को जांच हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया ताकि निष्पक्ष जांच के बाद त्वरित समाधान किया जा सके। थाना दिवस के दौरान कुल तीन मामले दर्ज किए गए जिनमें सभी का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने कहा कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं की त्वरित सुनवाई एवं निष्पादन करना है। विशेषकर भूमि विवादों को लेकर अब किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस प्रशासन हर संभव समाधान के लिए तत्पर है। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक अनिल सिंह, अंचल निरीक्षक दारा पासवान उप निरीक्षक गुरुदास कर, मनोज पासवान समेत अन्य पुलिस कर्मी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीटीओ ने चलाया रफ्तार घटाओ सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम



**देवघर :** जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी के नेतृत्व में रफ्तार घटाओ, सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को तेज गति से वाहन चलाने के कारण हो रही दुर्घटना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के मोहनपुर थाना, मार्गोमुंडा थाना एवं सोनारायठाड़ी थाना क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहन चालकों को पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों तथा हेलमेट का उपयोग करना, शराब पीकर या फोन पर बात करते हुए गाड़ी न चलाना, रैश ड्राइविंग न करना, ओवरटेक न करना आदि नियमों का पालन वाहन चलाते समय अवश्य करें। वर्तमान में जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, वैसे वैसे वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसे में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक है कि सड़कों पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से किया जाय। मौके पर मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा, प्रथम कुमार रजवार, सड़क सुरक्षा के कर्मी, पुलिस बल एवं अन्य कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# जीवन में खेल का महत्वपूर्ण स्थान है : नलिन सोरेन

संवाददाता

**दुमका :** झारखंड राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन रांची के मार्गदर्शन में जिला हैंडबॉल संग दुमका के तत्वाधान में दुमका के गांधी मैदान में शनिवार को 11वीं सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद नलिन सोरेन ने दीप प्रज्वलन के साथ-साथ झंडोत्तोलन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा गोलपोस्ट में गोल दागकर औपचारिक रूप से खेल का शुभारंभ किया ।अवसर पर अपने संबोधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद श्री सोरेन ने कहा कि जीवन में खेल का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर न सिर्फ अपने राज्य में बल्कि राष्ट्रीय टीम में भी जगह बनाकर अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाने की शुभकामनाएं दी।



इससे पूर्व गिधनी हॉस्टल की छात्राओं ने पारंपरिक रूप से लोटा पानी तथा आयोजकों ने मुख्य अतिथि को पुष्प पौधा तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर माननीय अतिथियों का स्वागत किया।

जिला खेलकूद संघ के सचिव उमाशंकर चौबे ने आगंतु अतिथियों के सम्मान में स्वागत संबोधन के साथ दो दिन तक होने वाले महिला हैंडबॉल खेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी मंच का संचालन मदन कुमार ने किया।

अवसर पर मेटराज संस्थान की बच्चियों ने मृत्यंजय कुमार के मार्गदर्शन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तमाम अतिथियों ने दुमका के महान खेल हस्ती विमल भूषण गुहा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

शनिवार को खेले गए मैच में रांची ने लोहरदगा को 02-00,हजारीबाग ने गुमला को 07-05,गत वर्ष की चैंपियन अर्बन सर्विसेस की टीम ने पोराहाट की टीम को 10 -00,रांची की टीम ने देवघर को 08-00 तथा हजारीबाग ने पश्चिम सिंहभूम को06-05 और दुमका ने पूर्वी सिंहभूम को 09-08 के अंतर से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है।

इस अवसर पर वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के एजीएम सपन विश्वास तथा सुरक्षा अधिकारी सी के घोष सहित जिला खेलकूद संघ के संयुक्त सचिव निमाय कांत झा,राज्य कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष हैदर हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आयोजन को सफल बनाने में जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार,सचिव अमित कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष दाउद अली,उपाध्यक्ष शंभू कुमार एवं भजन कुमार मंडल,सहसचिव संतोष गोस्वामी तथा तकनीकी पदाधिकारी मुकेश कुमार की भूमिका उल्लेखनीय रही।

# झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की हुई बैठक

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की एक अहम बैठक लडडू बाबू आम बागान मे संपन्न हुई।बैठक कि अध्यक्षता पाकुड़ जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार ने की।जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना तथा राज्य भर में इसका विस्तार करना था।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित रहे,जिन्होंने संगठन की नीतियों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।इस महत्वपूर्ण बैठक में साहिबगंज जिला के सदस्य मो इमाम,संथाल परगना के सदस्य कृष्णा यादव एवं शीला मुर्मू सहित झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी शंभु पंडित,सोना,कृष्णा कुमार ठाकुर,सुगने,श्रीराम,लोकेश, रोनित अंजू उस्मान अशरफ एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार ने संगठन द्वारा हाल ही में किए गए कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की।



उन्होंने जोर दिया कि मजदूरों के हक की लड़ाई को और प्रभावी बनाने के लिए संगठन का हर इकाई स्तर पर मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने संगठन के विस्तार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा, झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक राज्य के हर मजदूर की आवाज है।हमें संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को संघ से जोड़ना होगा।ताकि उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन मजबूती के लिए प्रत्येक बूथ और पंचायत स्तर पर नई कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को तेज करने का निर्णय लिया गया।आगामी महीनों में सदस्यता अभियान को गति देने और नए क्षेत्रों में संगठन का आधार बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई,मजदूरों के हितः सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा और मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आवश्यक कानूनी तथा जन-आंदोलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया,मजदूरों को सरकारी न्यूनतम राशि दर से भी कम राशि मजदूरों को दिया जा रहा है। जो अत्यंत दुख की बात है।इसलिए सभी मजदूर को उसकी सरकारी राशि देने की संकल्प भी लिया गया।

# छापेमारी करने पहुंची राजमहल पुलिस तो व्यापारी हुआ फरार

संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र के कोयलाबाजार स्थित एक मोबाइल की दुकान पर राजमहल पुलिस ने छापेमारी की।इस दौरान मौके पर व्यापारी पुलिस गाडी को देखकर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस को देखकर बाजार में भीड़ एकत्रित हो गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।वही राजमहल पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक साहिबगंज को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोयलाबाजार के गुलजार शेख पिता तयब शेख सा० कोयला बाजार पुनी टोला थाना राजमहल जिला साहिबगंज के द्वारा चारी के मोबाईल को खरीद बिकी एवं दुकान में चोरी के मोबाईल के पार्टस बदलकर मोबाइल मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।उक्त सुचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाइ हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधीकारी राजमहल के नेतत्व मे



एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।छापामारी दल के द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुये उक्त व्यक्ति के दुकान में छापामारी किया गया।अभियुक्त गुलजार शेख पुलिस गाडी को देखकर घटनास्थल से फरार हो गया एवं अभियुक्त गुलजार शेंख के दुकान मे रखे एक काले रंग के बैग से कुल बत्तीस पीस (32) एनडोएड फोन बरामद किया गया।जिस विधिवत जप्ती सुची बनाकर जब्त किया गया।अभियुक्त के विरूद्ध गिरफतारी हेतु छापामारी की जा रही है। इस संबंध मे राजमहल थाना कांड संख्या-463/25 धारा-317 (2)/317, 5 बी०एन०एस० दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा हैं।छापामारी टीम में राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी एसआई ओम प्रकाश चौहान,पुअनि शम्भु शंकर सिह,महादेव उंराव,नन्द कुमार यादव,मो०जमील, सुनिल कुमार गुप्ता,एगनेसिस मरांडी एवं सशस्त्र बल के जवान सामिल थे।

# एसकेएमयू: पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोरंजन प्रसाद सिन्हा होंगे दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि

संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में इस वर्ष नवां दीक्षांत समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन 17 नवम्बर 2025 को दुमका स्थित कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं वर्तमान लोकपाल प्रो. (डॉ.) मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदिर ने जानकारी दी कि प्रो. सिन्हा ने विश्वविद्यालय के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने की सहमति दे दी है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है कि एक बार फिर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति दीक्षांत समारोह की गरिमा को बढ़ाने जा रहे हैं। परीक्षा ओएसडी डॉ इन्द्रनील मंडल ने बताया कि इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में कुल 79 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक तथा 37 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें विभिन्न संकायों – कला, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, और अन्य के विद्यार्थी शामिल हैं।

दीक्षांत समारोह की तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से चल रही हैं और अब अपने अंतिम चरण में हैं। आयोजन समिति एवं विभिन्न उपसमितियाँ लगातार समन्वय में कार्य कर रही हैं। स्वयं कुलपति प्रो. कुनुल कंदिर रोजाना प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं और तैयारियों की निगरानी व्यक्तिगत रूप से कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीक्षांत समारोह से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएँ आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। पंजीयन की अंतिम तिथि 16 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। पंजीयन की प्रक्रिया कन्वेंशन सेंटर, दुमका में ही पूरी की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का नाम सूची में शामिल है, वे निर्धारित तिथि को समारोह स्थल पर पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं और समारोह में शामिल होने के लिए आवश्यक सामग्री – जैसे प्रवेश पास, सफा, पगड़ी एवं अन्य दस्तावेज – प्राप्त कर सकते हैं।

कुलपति प्रो. कंदिर ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने में सहयोग करें।

# किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य किया गया विशेष कार्यक्रम



संवाददाता

**देवघर :** जिला कृषि विभाग की ओर से किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को देवघर प्रखण्ड अन्तर्गत रमलडीह ग्राम में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी एवं मुखिया की उपस्थिति में कुल 22 किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर अधिकारियों ने किसानों से अधिक से अधिक नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। किसानों ने सरकार एवं कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह की पहल से उन्हें अपनी फसलों के उत्पादन में सुधार करने में मदद मिलेगी।

# समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय तकनीकी समिति का निरीक्षण

संवाददाता

**साहेबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के निदेर्शानुसार जिला स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना, लालमाटी, प्रखंड राजमहल के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया।भ्रमण के क्रम में तकनीकी समिति के सदस्यों ने प्रक्षेत्र की एक-एक गतिविधि का स्थल पर जाकर अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव प्रदान किए। समिति द्वारा कृषक पाठशाला अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन गार्ड रूम, प्रशिक्षण भवन, कोल्ड स्टोरेज, पैक हाउस, शेड इत्यादि सिविल संरचनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया।पशुधन विकास के अंतर्गत शुकर पालन शेड, गो पालन शेड, मुर्गी पालन शेड, बकरी पालन शेड तथा मत्स्य पालन हेतु निर्मित तालाबों का भी निरीक्षण किया गया।जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा कार्यकारी एजेंसी को पशुधन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा



क्षेत्र में अवस्थित तीन तालाबों के सदुपयोग पर प्रकाश डालते हुए कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया गया कि तालाबों में कॉमन कार्प, रोहू, कतला एवं मृगाल जैसी विभिन्न प्रजातियों की मछलियों का पालन सुनिश्चित किया जाए।जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र में लगे आम अमरूद नींबू व केला की बागवानी का निरीक्षण कर तकनीकी सुझाव प्रदान किए गए।जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में समिति की टीम ने पूरे प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों में तकनीकी समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों एवं निदेर्शों पर अमल सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के कृषक आगामी समय में इन गतिविधियों से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।कार्यकारी एजेंसी को निर्देश दिया गया कि 17 एकड़ भूमि में उच्च मूल्य वाले फसलों एवं फलदार पौधों की खेती प्रारंभ की जाए तथा निर्मित सभी पशुधन संसाधन संरचनाओं में पशुपालन कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए।समिति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी सुधारात्मक कार्य 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं, क्योंकि शीघ्र ही जिला स्तरीय उच्च अधिकारियों की टीम पुनः प्रक्षेत्र का भ्रमण करेगी।भ्रमण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रक्षेत्र कर्मी तथा कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 24 घंटे में 46 मिलियन व्यूज पार पेड्डी का गाना चिकिरी बना चार्टबस्टर







**रामचरण** स्टारर सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाले फिल्म पेड्डी का नया गाना चिकिरी रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया है। रिलीज के सिर्फ 24 घंटे में इस गाने ने धमाल मचा दिया है और हर तरफ इसके ही चर्चे हैं। यह गाना अब तक 46 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार कर चुका है, जो इसे साल के सबसे ज्यादा देखे और पसंद किए जाने वाले गानों में से एक बनाता है। इसका रिस्पॉन्स वाकई जबरदस्त रहा है। जब से पेड्डी फिल्म की घोषणा हुई है, तब से यह लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसके अनाउंसमेंट वीडियो से लेकर फर्स्ट लुक पोस्टर्स और टीजर की झलकियों तक, हर चीज ने सोशल मीडिया पर चर्चा, ट्रेंड और उत्साह को बढ़ाया है। अब चिकिरी के म्यूज़िक मैजिक ने इस जोश और चर्चा को और भी बढ़ा दिया है।

मशहूर संगीतकार एआर. रहमान द्वारा कंपोज किया गया यह गाना मिट्टी की खुशबू से भरे सुरों और दिल को छू जाने वाली धुनों का मेल है, जो फिल्म की जमीनी कहानी के अंदाज से बिल्कुल मेल खाता है। चिकिरी के गाने में आवाज, डांस और विजुअल प्रेजेंटेशन की खूब तारीफ हो रही है, इसकी ताजगी और सांस्कृतिक जुड़ाव को लोग दिल से पसंद कर रहे हैं।

चिकिरी की कामयाबी को फिल्म की जबरदस्त लोकप्रियता और बढ़ती उम्मीदों का बड़ा संकेत माना जा रहा है। अब जब दर्शकों की उम्मीदें पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं, तो ऐसे मेंपेड्डी को साल की सबसे रोमांचक फिल्मों में से एक कहा जा रहा है।

बुची बाबू सना के निर्देशन और लेखन में बनी पेड्डी में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ शिवराजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी नजर आएंगे। वेंकटा सतीश किलारू द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली है।





# रश्मिका मंदाना ने माना, मैं विजय देवरकोंडा से करूंगी शादी

**रश्मिका मंदाना** और विजय देवरकोंडा के रिलेशन की खबरें काफी समय से आ रही हैं। कुछ दिन पहले तो दोनों की सगाई की खबरें भी आई थीं। इसी बीच अब रश्मिका का एक स्टेटमेंट वायरल हो रहा है जिसमें वह खुद बोल रही हैं कि वह विजय से शादी करेंगी।

रश्मिका से दरअसल, ऑनेस्ट टाउनहॉल इवेंट में पूछा गया कि जितने भी एक्टर्स के साथ आपने काम किया है, आप उनमें से किसे डेट, शादी और मारना चाहोगे? इस पर रश्मिका ने कहा कि मैं नारुतो को डेट करना चाहूंगी। मैं नारुतो से ऑब्सेस हूं और शादी विजय से करूंगी। रश्मिका के इस जवाब से पूरा क्राउड हूटिंग करने लगा।



# राजामौली की अगली फिल्म में काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एस.एस. राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवतः ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ह्यग्लोबट्रॉटरह्व के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे।

गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरूआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें। हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# श्रेया घोषाल और जसपिंदर नरूला 23 साल बाद 'मोरे पिया' के लिए फिर आये इंडियन आइडल पर साथ

**इंडियन** आइडल के ग्रैंड प्रीमियर ने सभी संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार यादगार पल लेकर आया है, जब श्रेया घोषाल और जसपिंदर नरूला ने शो के ग्रैंड प्रीमियर पर देवदास के प्रसिद्ध गाने मोरे पिया को फिर से एक साथ गाया – पूरे 23 साल बाद इस क्लासिक डुएट को दोहराते हुए।


मूल रूप से इस्माइल दरबार द्वारा संगीतबद्ध और समीर अंजान के लिखे बोलों वाला मोरे पिया आज भी देवदास (2002) फिल्म के सबसे प्रिय गीतों में से एक माना जाता है। इसी फिल्म से श्रेया घोषाल ने बॉलीवुड में बतौर पार्श्वगायिका अपनी पहचान बनाई थी। इन दो शक्तिशाली आवाजों ने मंच पर इस सदाबहार धुन को फिर से जिया, जिसमें पुरानी यादों के साथ लाइव संगीत की जादूगरी देखने को मिली।



ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में खास तौर पर शामिल हुईं जसपिंदर नरूला ने कहा , जो लोग कहते हैं कि असली गायकी अब टीवी पर नहीं रही – उन्होंने शायद इंडियन आइडल नहीं देखा! इंडियन आइडल हमेशा से मेरा पसंदीदा सिंगिंग रियलिटी शो रहा है। हर सीजन यह शो ऐसे बेहतरीन टैलेंट्स को सामने लाता है कि मैं हर बार दंग रह जाती हूँ। ऐसे शानदार गायकों के साथ मंच साझा करना मेरे लिए वाकई गर्व की बात है। इस शो को जितनी अद्भुत आवाजें मिलती हैं, वो अविश्वसनीय हैं।

इंडियन आइडल का ग्रैंड प्रीमियर इस शनिवार और रविवार रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लीव पर देखना न भूलें!

# एक दूजे के प्यार में फोर मोर शॉट्स प्लीज के स्टार्स कीर्ति कुल्हारी और राजीव सिद्धार्थ



**फोर मोर** शॉट्स प्लीज! एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी यूं तो अपने काम को लेकर दर्शकों के बीच काफी फेमस रहती हैं। वहीं, हाल ही में एक्ट्रेस नई वजह को लेकर सुर्खियों में हैं और कारण है कीर्ति की एक्टर राजीव सिद्धार्थ की बढ़ती नजदीकियां। हाल ही में दोनों की एक साथ की तस्वीरें देख उनके अफेयर के चर्चे और भी तेज हो गए हैं। कीर्ति ने हाल ही में एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह और राजीव कार में साथ बैठे दिखाई दिए। फोटो में दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए नजर आए। इस तस्वीर के साथ कीर्ति ने लिखा- प्यार... आपका समय अच्छा बीतेगा। जब तक हम फिर से न मिलें। हालांकि कीर्ति और राजीव ने अपने रिश्ते को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन दोनों की सोशल मीडिया पोस्ट्स ने फैंस के बीच चर्चाओं को हवा दे दी है। कुछ यूजर्स का कहना है कि दोनों सिर्फ अच्छे दोस्त हैं, जबकि कुछ का मानना है कि यह दोस्ती प्यार में बदल चुकी है।

**सेट पर हुई दोस्ती से शुरू हुई कहानी:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के सेट पर साथ काम करते हुए कीर्ति और राजीव के बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। समय के साथ दोनों के बीच की बॉन्डिंग और मजबूत होती गई और अब दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। कहा जा रहा है कि शूटिंग खत्म होने के बाद भी दोनों एक-दूसरे से मिलते रहते हैं और साथ में क्वालिटी टाइम बिताते हैं।

**वर्कफ्रंट की बात करें :** कीर्ति कुल्हारी को फोर मोर शॉट्स प्लीज!, पिंक, ह्यूमन और क्रिमिनल जस्टिस जैसी वेब सीरीज और फिल्मों में शानदार काम के लिए जाना जाता है। वहीं, राजीव सिद्धार्थ ह्यफोर मोर शॉट्स प्लीज!, फिलहाल 2 और कई थिएटर प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुके हैं।

### प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने पर बोले अभिषेक

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए मैं बहुत उत्साहित था



**ब्रिस्बेन:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में अपनी शानदार बल्लेबाजी से प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे अभिषेक शर्मा ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए बहुत उत्साहित थे। अभिषेक ने पांचवां टी20 बारिश से रद्द होने और सीरीज 2-1 से जीतने के बाद कहा, मैं इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। जब मुझे पता चला कि हम टी20 खेलने ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं, तो मैं बहुत उत्साहित था। मैंने अपने पूरे करियर में देखा है कि ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों के लिए काफी अनुकूल है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम बीच में बेहतर स्कोर बना सकते थे। जिस तरह से वह (हेजलवुड) गेंदबाजी कर रहे थे, वह किसी भी टीम के लिए फायदेमंद था। मैंने पहले भी कहा है कि मुझे बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच की जंग हमेशा पसंद आती है। वह एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। अगर आपको अच्छा क्रिकेट खेलना है और भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करना है, तो आपको विश्वस्तरीय गेंदबाजों का सामना करना होगा। मैं सिर्फ.इसी तरह के गेंदबाजों के लिए अभ्यास कर रहा था, क्योंकि इसी तरह आप अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

ह्यकप्तान और कोच का खास तौर पर ज़िक्र करते हुए अभिषेक ने कहा, उन्होंने मुझे यह ज़िम्मेदारी दी है कि मैं जाकर खुद को अभिव्यक्त करूं। एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगता है कि जब आप 20 या 30 रन बनाते हैं, तो यह आपके लिए भी आसान नहीं होता क्योंकि आप जानते हैं कि आप ज्यादा देर तक खेल सकते हैं। लेकिन टीम के लिए लय बनाने के लिए उन्होंने मुझे जो स्पष्टता दी है, उसी का मैं नेट्स और ऑफ-सीजन में भी अभ्यास कर रहा हूं। यह सबसे बड़े टूर्नामेंटो में से एक है (अगले साल घर में होने वाला टी20 विश्व कप)। अगर मैं विश्व कप खेलूंगा तो यह मेरे सपने के सच होने जैसा होगा। बचपन से ही मैंने हमेशा यही सपना देखा है विश्व कप जीतना और अपने देश के लिए मैच जीतना। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मैं उस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार रहूं।

# आईपीएल 2026 : मिनी ऑक्शन 15 दिसंबर को, प्लेयर रिटेंशन की डेडलाइन 15 नवंबर



**मुंबई:** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के लिए मिनी ऑक्शन दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, ऑक्शन की संभावित तारीख 13 से 15 दिसंबर रखी गई है। इसके लिए टूनार्मेंट की 10 टीमों को रिटेंशन के लिए 15 नवंबर की डेडलाइन दी गई है। चेन्नई सुपर किंग्स इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन समेत कुछ बड़े प्लेयर्स को रिलीज कर सकती है। इस बार का ऑक्शन भारत में ही हो सकता है। हालांकि, इस पर बीसीसीआई से अभी कोई कन्फर्मेशन नहीं आई। मिनी ऑक्शन के लिए प्लेयर रिटेन करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर है। इस तारीख तक टीमों को अपने स्क्वॉड से रिलीज और रिटेन होने वाले प्लेयर्स की जानकारी आईपीएल कमेटी को देनी होगी।

# आईसीसी की बैठक में भी नहीं सुलझा एशिया ट्रॉफी का मुद्दा



**दुबई:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बैठक में विजेता टीम भारत को एशिया कप ट्रॉफी नहीं सौंपे जाने का मुद्दा उठाया। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शुक्रवार को हुई आईसीसी की बैठक में भाग लेने पहुंचे थे। क्रिकबज के अनुसार बैठक के दौरान आईसीसी बोर्ड के सदस्यों के बीच एशिया कप के मुद्दे पर दोस्ताना माहौल में बातचीत हुई। बीसीसी ने कहा कि नकवी, एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष के तौर पर भारत द्वारा जीती गई एशिया कप ट्रॉफी को अपने पास रखे हुए है, जो कि सही मायने में भारत की है। ऐसा मालूम हुआ है कि बैठक से इतर अनौपचारिक चर्चा में बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि ट्रॉफी तुरंत भारत को सौंप दी जानी चाहिए। अगर जरूरत पड़ी तो इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक पैनल भी बनाया जा सकता है, लेकिन शुक्रवार रात तक इसके बनने की कोई पुष्टि नहीं हुई थी। बीसीसीआई का स्पष्ट रुख था कि दुबई स्थित एसीसी के कार्यालय में बंद ट्रॉफी को जल्द से जल्द भारत को सौंपा जाना चाहिए। नकवी का आदेश है कि उनकी इजाजत के बिना इस ट्रॉफी को कहीं भी न ले जाया जाए। उल्लेखनीय है कि 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराने वाली भारत को एसीसी ने अभी तक ट्रॉफी नहीं सौंपी है। सैकिया या बीसीसी के दूसरे अधिकारियों से तुरंत संपर्क नहीं हो सका, लेकिन पता चला है कि बोर्ड के सदस्यों के बीच इस बात पर सहमति थी कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए।

# राजधानी दिल्ली में कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार, शहर रेड जोन में पहुंचा



**नई दिल्ली:** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शनिवार को तेजी से बिगड़ गई, शहर के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से ऊपर दर्ज किया गया, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। जहरीली धुंध ने राष्ट्रीय राजधानी को 'रेड जोन' में धकेल दिया, जिससे यह देश के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बन गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से पता चला है कि शाम 4 बजे मापा गया दिल्ली का 24 घंटे का औसत एक्यूआई 361 था, जो इसे देश भर के सबसे प्रदूषित शहरों में दूसरे स्थान पर रखता है। शुक्रवार को, शहर का एक्यूआई 322 दर्ज किया गया था, जो उस समय देश में सबसे अधिक था।

शहर के 38 निगरानी केंद्रों में से कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर खास तौर पर ऊँचा रहा। सीपीसीबी के समीर ऐप के अनुसार, वजीरपुर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 420, बुराड़ी में 418, विवेक विहार में 411, नेहरू नगर में 406, अलीपुर में 404 और आईटीओ में 402 दर्ज किया गया। ये सभी 'गंभीर' श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी वायु गुणवत्ता खराब बनी रही। नोएडा में एक्यूआई 354, ग्रेटर नोएडा में 336 और गाजियाबाद में 339 दर्ज किया गया, जिन्हें 'बेहद खराब' श्रेणी में रखा गया है।

पीएम 2.5 और पीएम 10 प्रमुख प्रदूषक रहे, जिससे शहर में घना कोहरा छाया रहा। वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के लिए निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) ने अनुमान लगाया है कि दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है, जबकि वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन की हिस्सेदारी 15.2 प्रतिशत है। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि शुक्रवार को पंजाब में पराली जलाने की 100, हरियाणा में 18 और उत्तर प्रदेश में 164 घटनाएं हुईं।

## एयरलाइन में भर्ती के नाम पर लोगों को लगाते थे चूना, मुख्य सरगना समेत 9 गिरफ्तार





**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को फर्जी नौकरी रैकेट चलाने के मामले में सरगना समेत नौ सदस्यों को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सरगना की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। उसके साथ उसके साथी बलजीत सिंह और सात महिलाओं चरणजीत , शालिनी भारद्वाज , आरती कौर , पलवीन कौर , नंदिनी , पूजा गुप्ता और श्वेता को भी गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह तिलक नगर स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर से काम कर रहा था और ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए नौकरी चाहने वालों से संपर्क करता था।

पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि पीड़ितों को इंडिगो एयरलाइंस में फर्जी नौकरियों के लिए पैसे देने के नाम पर ठगा गया था। घोटालेबाजों ने कथित जमा राशि, वर्दी और वेतन खाते की औपचारिकताओं के लिए पैसे मांगे थे। उन्होंने कहा किआरोपी मुख्य रूप से बेरोजगार युवा नौकरी चाहने वालों को ऑनलाइन निशाना बनाते थे और उन्हें फर्जी भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में 2,500 रुपए से लेकर 15,000 रुपए तक की रकम देने के लिए राजी करते थे। तकनीकी जांच में सुभाष नगर और तिलक नगर में धोखाधड़ी वाले लेनदेन का पता चलने के बाद दूरसंचार कर्मचारी कुमार को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान, टीम ने 22 मोबाइल फोन, एक डेस्कटॉप, 19 सिम कार्ड, कॉल रजिस्टर और एक वाई-फाई राउटर जब्त किया।

उन्होंने बताया कि पूछताछ में आठ यूपीआई आईडी और विभिन्न बैंक खातों से जुड़े एक क्यूआर कोड बरामद किए गए हैं। गिरफ़्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और पता लगाने के लिए टीम द्वारा आगे की जांच जारी है।

## पाकिस्तान में सवैधानिक संशोधन के बाद जनरल आसिम मुनीर बने कमांडर ऑफ डिफेंस फोर्सेज



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की संसद ने देश के संविधान में एक अहम संशोधन को मंजूरी दी है, जिसके तहत सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को कमांडर ऑफ डिफेंस फोर्सेज घोषित किया गया है। यह संशोधन देश की सुरक्षा संरचना और सेना की भूमिका को लेकर बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

नए संशोधन के अनुसार, अब सेना प्रमुख के पास तीनों सेनाओं – थल, जल और वायु – से संबंधित सामरिक निर्णयों पर अंतिम अधिकार होगा। पहले यह अधिकार औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता था। विश्लेषकों का कहना है कि यह कदम सेना की ताकत को और संस्थागत रूप से मजबूत करता है।

**जनरल आसिम मुनीर की भूमिका और बढ़ी:** जनरल आसिम मुनीर वर्तमान में पाकिस्तान के आर्मी चीफ हैं और 2022 में जनरल कमर जावेद बाजवा के बाद उन्होंने यह पद संभाला था। नए संशोधन के बाद अब उनकी भूमिका केवल सैन्य मामलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वह रक्षा नीतियों, रणनीतिक साझेदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निर्णयों में भी प्रमुख भूमिका निभाएंगे।

राजनीतिक हलचल तेजः इस संशोधन को लेकर विपक्षी दलों और कानूनी विशेषज्ञों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यह कदम लोकतांत्रिक संतुलन को कमजोर कर सकता है, क्योंकि पाकिस्तान में पहले ही सेना का राजनीतिक प्रभाव काफी अधिक रहा है। वहीं, सरकार का कहना है कि यह संशोधन राष्ट्रीय सुरक्षा को एकीकृत और सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों की रायः कई विदेशी विश्लेषक इसे पाकिस्तान में सिविल-मिलिट्री संबंधों के नए युग की शुरूआत बता रहे हैं। उनका कहना है कि इस संशोधन से प्रधानमंत्री की रक्षा मामलों में निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो जाएगी।

### आरबीआई ने 35 टन सोना बेचने की रिपोर्ट्स को किया खारिज, कहा-

## अफवाहों पर विश्वास न करें




**नई दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोशल मीडिया पर चल रही उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया है कि केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार से करीब 35 टन सोना बेच दिया है।

इसके साथ ही, आरबीआई इन रिपोर्ट्स को केवल निराधार अफवाह बताया है और आधिकारिक जानकारी के लिए लोगों को वेरिफाइड सोर्स से जानकारी प्राप्त करने को कहा है।

पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट द्वारा की गई एक्स पोस्ट में बताया गया कि केंद्रीय बैंक ने स्पष्टीकरण दिया है कि इस प्रकार की कोई बिक्री नहीं की गई है और जनता से अपील की कि केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

आरबीआई ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट के माध्यम से उन दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि आरबीआई ने अपने भंडार से 35 टन सोना बेचा है। आरबीआई सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही निराधार अफवाहों के प्रति आगाह करता है। आरबीआई से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कृपया आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

यह स्पष्टीकरण सोने के बाजार में बढ़ती वैश्विक रुचि और अस्थिरता के बीच आया है, क्योंकि कई प्रमुख केंद्रीय बैंक अपनी सोने की खरीदारी में लगातार वृद्धि कर रहे हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाएं, विशेष रूप से, अमेरिकी डॉलर से दूर जाने के लिए अपने सोने के भंडार में वृद्धि कर रही हैं। यह ट्रेंड 2022 में पश्चिमी देशों द्वारा रूस की रिजर्व एसेट्स को फ्रीज करने के बाद और तेज हो गया है।

केंद्रीय बैंक की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 31 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह तक आरबीआई के बाद मौजूद गोल्ड रिसर्व की वैल्यू बढ़कर 101.72 अरब डॉलर हो गई है।

वहीं, देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड रिजर्व की हिस्सेदारी बढ़कर करीब 15 प्रतिशत हो गई है, जो कि कई दशकों का उच्चतम स्तर है। बीते एक दशक में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई है, जो कि पहले 7 प्रतिशत थी।

### चार दिसंबर को स्थापना दिवस पर शंगुमुघम बीच पर ताकत दिखाएगी नौसेना

## युद्ध क्षमताओं- प्रौद्योगिकी क्षमताओं का किया जाएगा प्रदर्शन



**नई दिल्लीः** नौसेना इस वर्ष अपना स्थापना दिवस केरल की मशहूर बीच शंगुमुधम पर मनाएगी, जहां नौसैनिक दुर्जेय युद्ध क्षमताओं, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और संचालन कौशल के साथ देश की समुद्री ताकत का प्रदर्शन करेंगे। नौसेना हर वर्ष चार दिसंबर को अपना स्थापना दिवस मनताी है और इस बार यह आयोजन तिरूवनंतपुरम में किया जा रहा है। नौसेना के प्रमुख अत्याधुनिक युद्धपोत इस दौरान समुद्र में अपनी ताकत तथा क्षमता का प्रदर्शन करने के साथ ही रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का भी नमूना पेश करेंगे। साथ ही नौसेना लड़ाकू विमान भी अपनी मारक क्षमता का जौहर दिखायेंगे। इस दौरान लोगों को नौसेना की ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की तैयारियों और प्रतिरोधक क्षमता की झलक भी दिखाई जाएगी। नौसेना दिवस का तिरुवनंतपुरम में मनाया जाना प्रमुख नौसैनिक स्टेशनों के अलावा अन्य स्थानों पर इसके आयोजन की नीति का हिस्सा है। इससे पहले, यह ओडिशा के पुरी और महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में आयोजित किया जा चुका है। यह भव्य आयोजन देशवासियों को नौसेना के अभियानों के विभिन्न पहलुओं को देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। इस दौरान नौसेना के अत्याधुनिक प्लेटफार्म ङ्कषहद महासागर क्षेत्र में एकह्यपसंदीदा सुरक्षा भागीदारह्य के रूप में उसके संकल्प को प्रदर्शित करेंगे जो महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक तथा समग्र उन्नति) के व्यापक धष्टिकोण पर आधारित हैं। समारोह में नौसेना की दुर्जेय युद्ध क्षमताओं, प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता और संचालन तत्परता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ देश की बढ़ती समुद्री ताकत और आत्मनिर्भरता को भी दिखाया जाएगा। इस प्रदर्शन में अग्रिम पंक्ति के प्लेटफार्मों द्वारा समन्वित युद्धाभ्यास प्रदर्शित किए जाएंगे जो नौसेना की समुद्री क्षेत्र में शक्ति और सटीकता की क्षमता का प्रतीक होंगे।

### ईसी ने जारी किया नोटिफिकेशन

## ऑनलाइन गणना प्रपत्र के लिए वोटर आईडी से मोबाइल नंबर लिंक जरूरी




**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन गणना प्रपत्र जमा करने के लिए अहम निर्देश जारी किए हैं। अधिसूचना के अनुसार, अब किसी भी मतदाता का ऑनलाइन गणना प्रपत्र तभी स्वीकार किया जाएगा जब उसका वोटर आईडी कार्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी से लिंक्ड हो। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि लिंकिंग नहीं होने पर ऑनलाइन प्रपत्र जमा नहीं होगा। प्रपत्र जमा करने के लिए सबसे पहले पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा। इस ओटीपी के माध्यम से ही मतदाता आयोग की वेबसाइट पर लॉगइन कर अपना प्रपत्र जमा कर सकेगा। यह प्रक्रिया गत शुक्रवार से शुरू हो चुकी है। साथ ही चुनाव आयोग ने घर-घर जाकर प्रपत्र वितरित न करने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के लिए भी कड़ा कदम उठाने की घोषणा की है। आयोग ने निर्देश दिए हैं कि जिन इछड ने प्रपत्र समय पर वितरित नहीं किए, उन्हें ह्यकारण बताओह्ल नोटिस भेजा जाएगा। यह कदम विशेष रूप से उन मामलों को लेकर उठाया गया है, जहां बंगाल में प्रपत्र सड़क किनारे, तृणमूल पार्टी कार्यालयों या नेताओं के घरों से वितरित किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम मतदाता सूची के सत्यापन और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है।

# प्रियंका गांधी का पीएम पर हमला, कहा,वोट का अधिकार खतरे में,मतदाताओं को दी जा रही है घूस



**कटिहारः** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कटिहार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज देश में वही अधिकार खतरे में है, जिसके लिए महात्मा गांधी ने आजादी से पहले लड़ाई लड़ी थी, यानी जनता के वोट का अधिकार। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जनता से उनका वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, ह्यपहले भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की चोरी करने की कोशिश की और अब वे आपके वोट के अधिकार को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इस साजिश में प्रधानमंत्री मोदी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

कांग्रेस महासचिव ने जनता से अपील की कि वे इस विश्वासघात का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दें। उन्होंने कहा कि देश को इस साजिश का जवाब भविष्य में देना होगा और जनता को अपने अधिकार की रक्षा करनी होगी। बिहार में सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला बोलते हुये प्रियंका गांधी ने कहा कि महिलाओं को 10,000 रुपये देने की योजना केवल चुनाव के समय मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि, 10- 20 साल गुजर गये, लेकिन आपके लिए कुछ नहीं किया गया है। अब चुनाव के समय ये 10 हजार रुपये दे रहे हैं। यह भी एक तरह की घूस है, जो आपके वोट के बदले दी जा रही है।ह्य उन्होंने जनता से अपील की कि वे यह पैसे ले लें, लेकिन वोट सोच-समझकर डालें। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि, ह्यआपका वोट आपकी बेटियों और आपके भविष्य के लिये है। इसे व्यर्थ मत कीजिये। यह वोट ही आपकी अमानत है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति अब जनता को मुद्दों से भटकाने और धर्म के नाम पर बांटने तक सीमित रह गई है। उन्होंने कहा कि, ह्यप्रधानमंत्री की भाषा शैली देखिये, कट्टा, हत्या, अपहरण जैसे शब्द उनके भाषणों में सुनाई देते हैं। यह एक प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता। वह रोजगार, शिक्षा, स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालय की बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि बिहार में 20 साल से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार है, लेकिन विकास की स्थिति जनता खुद बेहतर जानती है।

कांग्रेस नेता ने राज्य में शिक्षा और रोजगार की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बिहार में हर साल करीब 25 लाख युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन पेपर लीक होने से उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। किसानों की हालत पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलता है और न ही उपज का सही दाम।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि, मोदी जी अपने दो मित्रों अडानी-अंबानी को देश की संपत्ति सौंप रहे हैं। वे उनके साथ दावत में शामिल होते हैं, लेकिन जनता के दुःख- दर्द में कभी उनके साथ नहीं दिखते हैं। गरीबों के कर्ज नहीं माफ किये जाते हैं, जबकि अडानी- अंबानी के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिये जाते हैं।ह्य

उन्होंने बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि राज्य में अपराध तीन गुना बढ़ गया है और सबसे ज्यादा अत्याचार दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और पिछड़े वर्गों पर हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में माफियाओं का राज चल रहा है और बाहरी ठेकेदारों को ही तरजीह दी जा रही है। आर्थिक नीतियों पर हमला करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी जैसे फैसलों ने छोटे उद्योगों को तबाह कर दिया, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गईं।

उन्होंने कहा कि मजबूर होकर बिहार के लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं, पति बाहर जाकर अपमान झेलता है और घर पर महिलायें अकेले सारी मुश्किलें उठाती हैं। यह बिहार की उपजाऊ धरती के साथ अन्याय है। सभा के अंत में उन्होंने जनता से आह्वान किया कि बिहार में अब बदलाव लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि, ह्ययह बदलाव अपने भविष्य, अपनी मिटटी और आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत जरुरी है।

# घाटशिला में महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस की झोंकी ताकत

## प्रदेश अध्यक्ष और वित्त मंत्री ने की पदयात्रा

संवाददाता

**रांची :** 11 नवंबर को झारखंड की घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान होना है। 09 नवंबर की शाम घाटशिला उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार समाप्त हो जाएगा। लिहाजा ठऊअ और क्ठऊक्रअ ब्लॉक में शामिल दलों के नेताओं ने अपने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है।

आज शनिवार को महागठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी सोमेश चन्द्र सोरेन के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा व्यापक जनसंपर्क एवं पदयात्रा अभिया चलाया गया। इस पदयात्रा का नेतृत्व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में घाटशिला प्रखंड के दाहीगोडा हनुमान मंदिर से मऊभंडार अंबेडकर चौक तक पदयात्रा की।



इसके साथ ही चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज घाटशिला अपने लोकप्रिय नेता, झारखंड आंदोलन के महानायक और गुरुजी शिबू सोरेन के करीबी साथी स्व। रामदास सोरेन की कमी महसूस कर रहा है उनके संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब जनता उनके सुपुत्र सोमेश सोरेन को ऐतिहासिक मतों से विजयी बना कर विधानसभा भेजेगी।

इस पदयात्रा में शामिल राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ धर्म और समुदाय के नाम पर समाज को बांटती है, जबकि महागठबंधन की सरकार जनता के अधिकार, सम्मान, रोजगार और विकास के लिए काम करती है।

वहीं धालभूमगढ़ के नोवाडीह में जनसभा एवं ग्रामीण जनता के के साथ बैठक करते हुए कांग्रेस विधायक ममता देवी ने कहा कि आज राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार ने मंईयां सम्मान योजना देकर महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है। सवर्जन पेंशन, विधवा पेंशन जैसी योजना से महिलाएं को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम कर रही है। ममता देवी के साथ साथ कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सतदल गिरि भी शामिल हुए।घाटशिला के मुसाबनी प्रखंड में कांग्रेस कार्यालय से मोहुलबेडा तक पदयात्रा एवं सभा मुसाबनी प्रखंड में कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार साह के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। जिसका मार्गदर्शन राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने किया। राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड की पहचान संघर्ष, जल-जंगल-जमीन और आदिवासीझ्मूलवासी की अस्मिता से है।आज भाजपा और उसके संविधान, लोकतंत्र और झारखंडी पहचान को कमजोर करने का काम कर रही है। मुसाबनी में बंद पड़े खदानों को लेकर केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार कोई पहल नहीं करती है। हमारी लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि झारखंड के अधिकार, सम्मान और भविष्य के लिए है। हम सब मिलकर सोमेश सोरेन को विजयी दिलाकर विधानसभा भेजने का काम करेंगे।

# न्यूज IN ब्रीफ

## बर्थ अटेंडर एसबीए को लेकर 21 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**साहिबगंज :** शनिवार को सदर अस्पताल के वेयर हाउस में स्किल बर्थ अटेंडर एसबीए को लेकर 21 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। इसमे मुख्य रूप से डॉक्टर रंजन कुमार शामिल हुए।इसमें प्रशिक्षक जीएनएम,डॉली झा, जीएनएम,दीप्तिमय के द्वारा सभी को सुरक्षति प्रसव कराने पर जानकारी दी गई है।प्रसव के दौरान प्रसव के विभिन्न तरीके जटिलता समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई है।मृत्यु दर कम करने के मकसद से सीएचओ एएनएम को कई आवश्यक जानकारी दी गई है।वही प्रशिक्षण 21 दिनों तक चलेगा।जिसमें 15 दिन प्रेक्टिकल,ओर 6 दिन थ्योरी सभी को ट्रेनिंग करवाया जाएगा।इस मौके पर कई सीएचओ,एएनएम,परिवार नियोजन परामर्शी संजय पासवान मौजूद थे।

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया जनता दरबार का आयोजन

**देवघर :** जिले के जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, अनुकम्पा, बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, फसल बीमा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।

इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

जनता दरबार में जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग ओम प्रियदर्शी, संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ढोरी ने लहराया परचम

**चतरा:** सीसीएल के ढोरी एरिया में संपन्न सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पिपरवार एरिया की टीम ने कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 पुरस्कार प्राप्त कर परचम लहराया। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव इकबाल हुसैन ने तमाम कलाकारों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी है।कहा कि कलाकारों के प्रदर्शन से पूरे पिपरवार एरिया का नाम रौशन हुआ है। उन्होंने प्रबंधन से और भी पर्याप्त संसाधन कलाकारो को मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि भविष्य में भी पिपरवार के कलाकार सीसीएल एवं कोल इंडिया में होने वाले कार्यक्रम में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि संपन्न कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कलाकारों में विजय शर्मा, गोपाल शर्मा, संजीव चटर्जी, हीरा दास, रतन लाल, एश एम गिरी, अरविंद कुमार, इम्तियाज अंसारी और संतोष दास की टीम मुख्य रूप से शामिल थी। जो बधाई के पात्र है।

## स्वास्थ्य विभाग - खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया संयुक्त विशेष छापेमारी अभियान

**चतरा:** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिमरिया प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग एवं फूड सेफ्टी ऑफिसर तथा प्रखंड पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। सिमरिया एवं बगरा क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें विभिन्न दुकानों में धारा 4 एवं 6 का अनुपालन कराया गया। साथ ही आर्थिक दंड के रूप में जुमार्ना राशि भी वसूली गई। कुछ दुकानदारों को वार्निंग देकर के छोड़ दिया गया और बताया गया कि दोबारा अगर नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोटपा अधिनियम में की धारा 4 एवं 6 में आर्थिक दंड राशि 200 से बढ़कर आर्थिक दंड 1000 रु कर दिया गया है।

## गोड्डा में नकली पेट्रोल के कारोबार का खुलासा, दो टैंकर जब्त, धंधेबाज फरार

**गोड्डा :** अवैध तरीके से नकली पेट्रोल बना कर बिहार में खपाने के बड़े खेल का खुलासा गोड्डा पुलिस ने किया है. साथ ही पुलिस ने 18,000 लीटर अवैध पेट्रोल भी बरामद किया है. इसके अलावा नकली पेट्रोल के निर्माण में इस्तेमाल में आने वाले अन्य समान भी बरामद हुआ है. हालांकि पुलिस के हाथ अभी तक कोई धंधेबाज नहीं लग पाया है. गोड्डा एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र में कुछ तेल टैंकरों में नकली पेट्रोल जैसा पदार्थ गोड्डा जिला के रास्ते बिहार ले जाने की तैयारी है. इसी सूचना पर पुलिस द्वारा चेकपोस्ट लगाकर वाहन जांच अभियान चलाया गया. मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमनी पुल के पास दो टैंकर पुलिस को दिखा, लेकिन पुलिस को देखते ही चालक फरार हो गया.इसके बाद पुलिस दोनों टैंकरों को जब्त कर थाने ले गई. वहीं दूसरा मामला गोड्डा के देवदांड़ थाना क्षेत्र के पीपरजोरीया गांव का है. पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ लोग गांव में नकली पेट्रोल बनाने का काम कर रहे हैं. सूचना पर पुलिस ने गांव में छापेमारी कर नकली पेट्रोल बनाने के इस्तेमाल में लाने वाली 10 पानी टंकी, करीब 18000 लीटर नकली पेट्रोल बरामद किया.

## कोल्हान में ठंड ने दी दस्तक

जमशेदपुर : कोल्हान समेत पूरे झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार, आने वाले पांच दिनों तक सुबह हल्की धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण राज्य में ठंड धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।राज्य में सबसे कम तापमान गुमला में 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 32.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।झारखंड के 10 जिलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इनमें रांची 15.2, डालटेनगंज 13.5, बोकारो 14.5, कोडरमा 14.1, हजारीबाग 13.0, खूंटी 13.1, लातेहार 11.5, लोहरदगा 12.5, सिमडेगा 13.6 और जगन्नाथपुर 14.1 डिग्री सेल्सियस शामिल हैं।

# डीएवी स्पोर्ट्स-2025 के राष्ट्रीय स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



संवाददाता

**खूंटी:** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल, खूंटी में मंगलवार से पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर (डीएवी स्पोर्ट्स-2025) की शुरूआत हुई। विद्यालय परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि बिरसा कॉलेज, खूंटी के प्राचार्य श्री चंद्रकिशोर भगत तथा विशिष्ट अतिथि खूंटी हेल्थ क्लब के पदाधिकारी श्री राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कोच अनुज कुमार, बसंत कुमार, आशीष कुमार, राहुल कुमार तथा प्रवेश कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि चंद्रकिशोर भगत ने विभिन्न जिलों से आए सभी युवा खिलाड़ियों का स्वागत किया और हॉकी के क्षेत्र में खूंटी के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि राजकुमार गुप्ता ने अपने ओजस्वी संबोधन से सभी के मन में एक नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के इस ऐतिहासिक अवसर पर खूंटी के इस विद्यालय को प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो विद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

इस पांच दिवसीय शिविर में सभी खिलाड़ी खेल शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, कोच नागेंद्र कुमार महतो तथा कृष्णा प्रसाद बारिक के मार्गदर्शन में गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस प्रशिक्षण के पश्चात, यही खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित होने वाले डीएवी स्पोर्ट्स मेट में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन के साथ निष्ठापूर्वक सीखने का आग्रह किया और उनके शानदार प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर रन फोर झारखंड का आयोजन 11 को



संवाददाता

**साहिबगंज :** पर्यटन,कला संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निदेश के आलोक में झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 नवम्बर को साहेबगंज जिला मुख्यालय में जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा प्रातः 7:00 बजे साक्षरता चौक से सिध्दो-कान्हू स्टेडियम साहिबगंज तक महिला एवं पुरुष अलग अलग वर्गो के लिए *रन फोर झारखंड* का आयोजन कराये जाने को लेकर जिला खेल कार्यालय में जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें रन फोर झारखंड के सफलता को लेकर विभिन्न सब कमिटियों का गठन करते हुए कार्यों के संचालन को लेकर दायित्व

सौंपा गया। रन फोर झारखंड के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया वहीं जिले के आम नागरिकों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों ,विद्यार्थियों युवाओं,युवतियों विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं,खेल संघों, एन एस एस, एन सी सी ,एन वाई के द्वारा अधिक से अधिक भागेदारी करने के लिए भी अनुरोध किया गया। रन फोर झारखंड* साक्षरता चौक से प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ होकर नेताजी सुभाष चौक, पुलिस लाइन,समाहरणालय रोड, गंगा बिहार पार्क होते हुए सिदो कान्हु स्टेडियम, साहिबगंज में संपन्न होगा। जहां विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।बैठक में जिला खेल कार्यालय के गौतम झा, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी जिला टूरिज्म स्पेशलिस्ट गौरव प्रियदर्शी प्रशिक्षक योगेश यादव समेत अन्य मौजूद थे।विशेष जानकारी के लिए जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी के दूरभाष पर संपर्क किया जा सकता है।

# आम्रेश्वर धामः जहां पूरी होती है सारी मनोकामनाएं

## भक्तों की लगती है कतार

**खूंटी :** जिले का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक केंद्र, अंग्राबादी बाबा आम्रेश्वर धाम मंदिर, इन दिनों भक्तों के अटूट विश्वास और आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। जहाँ सावन के महीने में लाखों श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं और भव्य मेले का आयोजन होता है, वहीं अब हर शनिवार को यहाँ होने वाली भक्तों की भीड़ ने मंदिर को एक नई पहचान दी है।

आम्रेश्वर धाम की सबसे खास बात यह है कि यहाँ एक ही परिसर में देवी-देवताओं के मंदिरों का एक विशाल समूह है। भक्तों को अलग-अलग तीर्थ स्थलों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, बल्कि एक ही स्थान पर सभी देवताओं के दर्शन हो जाते हैं। इसी कड़ी में यहाँ स्थित भगवान शनि का प्राचीन मंदिर भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है।



सावन के अलावा अब हर शनिवार को मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामनाएँ लेकर यहाँ पूजा-अर्चना करने आते हैं। मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य सुन ली जाती है और भक्तों की मनोकामनाएँ पूरी होती हैं। इसी विश्वास के चलते शनिवार के दिन मंदिर का माहौल एक उत्सव जैसा हो जाता है।

बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने इस बारे में बताया, बाबा आम्रेश्वर धाम में लोग शनिवार को दूर-दूर से पूजा करने के लिए आते हैं। यहाँ के महात्म्य के कारण भक्तों में अटूट विश्वास है। लोग अपने मन में कामना लेकर आते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं और उनकी मनोकामना पूरी होती है।

## झाड़ग्राम मेमू ट्रेन कल नहीं जाएगी धनबाद

**जमशेदपुर :** आद्रा के लाइन ब्लॉक के कारण 9 से 16 नवंबर तक टाटानगर की ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के अनुसार, टाटानगर से गुजरने वाली झाड़ग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन 10 और 13 नवंबर को बोकारो तक और टाटानगर-आसनसोल मेमू ट्रेन 11 नवंबर को आद्रा तक ही चलेगी। जबकि, 9 और 16 नवंबर को बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे लेट से रवाना होगी। रेलवे द्वारा ट्रेनों के परिचालन दूरी में कटौती करने और लेट से रवाना करने पर झारखंड और बंगाल मार्ग के सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी।

# बैगलेस डे स्कूली शिक्षा को तनावमुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा : महेन्द्र

संवाददाता

**दुमका :** महीने का द्वितीय शनिवार का दिन डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के छात्र छात्राओं के लिए, काफी मस्तीभरी एवं तनावमुक्त माहौल वाला था।इस दिन विद्यालय प्रशासन ने बच्चों के लिए बैगलेस डे की शुरूआत की। प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने बताया कि महीना के द्वितीय शनिवार को विद्यालय के बच्चों के लिए बैगलेस डे के रूप में घोषित किया गया है। प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राज हंस ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा शुरू किया गया यह एक अनूठी एवं कारगर पहल है।श्री राजहंस ने बताया कि बैगलेस डे स्कूली शिक्षा को तनावमुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। श्री राजहंस ने बताया कि बैगलेस डे के माध्यम से बच्चों को बस्ते के बोझ से राहत दी गई। इन्हें खेलकूद, कला, व्यवसायिक शिक्षा, योग और



व्यवहारिक कौशल जैसी गतिविधियां कराई गई।कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाना है जिससे सीखना अधिक मजेदार बन सके। बिना बैग के स्कूल पहुँचे बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ खूब मस्ती की और काफी खुश नजर आए। विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका बैगलेस डे के दिन बच्चों के साथ सहपाठी के भूमिका में नजर आए।प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यालय में प्रत्येक रविवार एवं अवकाश के दिनों में विशेष कक्षा का भी संचालन किया जा रहा है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने बताया कि विद्यालय में शुरू किया गया बैगलेस डे का उद्देश्य बच्चों को महीना में एक बार भारी बैग के बोझ से मुक्ति दिलाना है। कहा कि बैगलेस डे के दिन छात्रों को खेल, कला,बागवानी और अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान ने कहा कि बच्चों के साथ खेलते हुए बचपन का दिन याद आ गया। कहा कि मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए महीना में कमसे कम एक दिन विद्यालय में तनावमुक्त माहौल में शैक्षणिक गतिविधियां करनी चाहिए।विद्यालय के वरीय शिक्षक निवास रजक ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों के साथ साथ शिक्षकों का भी मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। कहा कि जब शिक्षक एवं छात्र मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे तो अधिगम ज्यादा प्रभावी होगा। प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस के अलावे पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा, इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, स्नेहलता मराण्डी, राजीव कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार झा, संजय कुमार सिन्हा,निवास रजक, प्रकाश कुमार घोष, अर्चना कुमारी, सुशीला किस्कू, शिवराम सिमोन टुडु, तरन्नुम परवीन, पवन कुमार, सपना हेम्ब्रम,कृष्णा कुमारी, पार्थ प्रतिम कुंडू, महेश गुप्ता,रूप कुमार गोराई,विक्रम कुमार, माधवी लता, रानी स्वेत निशा देहरी,जयन्त स्नेही,आराधना झा, नेपाली पण्डित, काजल किरण, सुनन्दा,सुमन कुमारी,प्रिया हेम्ब्रम एवं रेशु स्मिता आनन्द के अलावे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ बैगलेस डे के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।